RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www. bordernewsmirror.com

बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"

पटना, वर्षः 7 , अंकः 252 , मंगलवार, 27 अक्टूबर 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com

एमजीसीयू में ई-वेस्ट प्रबंधन पर जागरूकता सत्र आयोजित, पर्यावरण संरक्षण के प्रति... 03

यूट्यूब से सीखा हथियार बनाने का हुनर, गंडक कॉलोनी में चला रहा था मिनी गन फैक्ट्री... 04

शिल्पा शेट्टी और अभिजीत सावंत का रियूनियन 'इंडियन आइडल' के 22... 07

संक्षिप्त समाचार

अरुणाचल प्रदेश में 40-50 किमी अंदर घुसे चीनी सैनिक

- कांग्रेस का दावा, सेना बोली- घुसपैठ के दावे वाला वीडियो फर्जी

ईटानगर (एजेंसी)। अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बोसिराम सिरम ने दावा किया है कि अपर सुबनसिरी जिले में चीनी सैनिक भारतीय सीमा के 40-50 किलोमीटर अंदर तक घुस आए हैं। उन्होंने कहा कि सीमा पर कई जगह भारतीय और चीनी सैनिक आमने-सामने हैं, जिससे सैनिकों की गश्त और स्थानीय लोगों की

आवाजाही प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी का हवाला देते हुए सिरम ने जुलाई के आखिरी हफ्ते में सैनिकों के बीच हाथापाई और लाठी चलने की घटनाएं होने का दावा किया। दूसरी ओर, भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश में चीनी कब्जे के दावे को लेकर वायरल एक वीडियो को फर्जी बताया। आर्मी ने कहा कि वीडियो अक्टूबर 2023 में जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस के फुटेज से छेड़छाड़ करके बनाया गया है। बोसिराम सिरम के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने 26 से 29 अगस्त तक अरुणाचल प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों का दौरा किया था।

'दिमागी नक्सलवाद' और 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' से दूर रहें

- बंगाल सीएम शुभेंन्दु बोले- कॉकरोचों को पनपने न दें

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने सोमवार को कहा कि'दिमागी नक्सल', 'टुकड़े-टुकड़े गैंग' और कॉकरोचों को पनपने न दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हों। सुवेंदु ने यह बातें तमलुक में भाजपा के पार्टी कार्यालय के भूमि पूजन के बाद

पत्रकारों से बातचीत में कही। दो दिन में यह दूसरी बार है जब सुवेंदु ने कॉकरोच पार्टी पर निशाना साधा। रविवार को भी रामनगर में एक कार्यक्रम में सुवेंदु ने कहा था कॉकरोच, खटमल जैसी बुराइयां कोरोना वायरस की तरह फैलने की कोशिश कर रही हैं। इन्हें कीटनाशक स्प्रे 'हिट' से ही खत्म किया जा सकता है। ममता सरकार ने तुष्टीकरण की राजनीति की। ममता को राष्ट्रवाद की कोई समझ नहीं थी और वह राज्य को 'ग्रेटर बांग्लादेश' में बदलने की योजना बना रही थी। 34 साल तक शासन करने वाले वामपंथी और 15 साल तक सत्ता में रही टीएमसी सरकार ने लोगों की विरासत और संस्कृति को मिटाने की कोशिश की।

कुंभ से पहले नासिक में बना शंखनाद का वर्ल्ड रिकॉर्ड

517 लोग शामिल हुए, पिछला रिकॉर्ड 303 लोगों का था

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के नासिक में रविवार को 517 श्रद्धालुओं ने एक साथ शंख बजाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स बनाया। यह कार्यक्रम गोदावरी नदी के किनारे हुआ। यह आयोजन सिंहस्थ कुंभ मेले के ध्वजारोहण समारोह से पहले किया गया। प्रतिभागियों ने पांच मिनट 30 सेकंड तक शंख बजाए। आयोजकों के मुताबिक, कार्यक्रम के लिए चेन्नई से खास तौर पर प्रमाणित शंख मंगाए गए थे। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के सीनियर जज ऋषि नाथ ने देवमामलेदार यशवंत महाराज पटांगण में रिकॉर्ड की घोषणा की।

इससे पहले एक साथ शंख बजाने का रिकॉर्ड 2019 में अमेरिका के न्यू जर्सी में 303 लोगों के नाम था। नासिक-त्रम्बकेश्वर सिंहस्थ कुंभ मेला दोनों पवित्र शहरों में हर 12 साल में होने वाला बड़ा आयोजन है। यह मेला 31 अक्टूबर से 24 जुलाई 2028 तक चलेगा।

ध्वजारोहण में शामिल होंगी राष्ट्रपति मुर्मू

कमिश्नर शेखर सिंह ने कहा कि इस पहल से परंपरा को कुंभ मेले की शुभ शुरुआत से जोड़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि 31 अक्टूबर को ध्वजारोहण समारोह के समय 251 प्रतिभागी शंख बजाएंगे। कुंभ मेले का ध्वजारोहण समारोह 31 अक्टूबर को दोपहर 12.02 बजे रामकुंड में होगा। इस समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को आमंत्रित किया गया है। इसी कार्यक्रम में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का प्रमाणपत्र भी सौंपा जाएगा। 20 महीने तक चलने वाले कुंभ मेले के 44 मुहूर्त नासिक में और 53 मुहूर्त त्रम्बकेश्वर में स्नान के हैं। सरकार का अनुमान है कि नासिक में 8-10 करोड़ और त्रम्बकेश्वर में 4 करोड़ श्रद्धालु आएंगे। नासिक कुंभ की खास बात है कि यहां वैष्णव और शैव अखाड़ों के स्नान अलग-अलग तीर्थस्थलों पर होते हैं। नासिक और त्रम्बकेश्वर दो प्रमुख केन्द्र हैं।

भगवान वाल्मीकि ने हमें दुनिया का पहला महाकाव्य दिया:सीएम

- योगी ने महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर सपा-कांग्रेस को घेरा

कानपुर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिठूर में सोमवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को निशाना बनाया। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि की जयंती पर अयोध्या का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने अयोध्या का विकास नहीं किया। अयोध्या को गंदा बनाकर रखा। उन्होंने कहा कि भगवान महर्षि वाल्मीकि ने हमें रामायण, दुनिया का पहला महाकाव्य दिया। उन्होंने कहा कि, भगवान राम और निषाद राज की मित्रता जब तक रहेगी, कांग्रेस और सपा के राज का स्वाहा होना तय है। सीएम योगी ने कहा कि, हम अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति करते हैं।

- हजारों साल तक अयोध्या में सड़क मार्ग नहीं था- उन्होंने कहा कि, याद कीजिए भगवान राम पुष्पक विमान से लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद अयोध्या आए थे। हजारों वर्ष पहले भगवान राम आए थे। हजारों वर्षों तक अयोध्या में आवागमन के लिए केवल सड़क मार्ग था, वह भी टूटा-फूटा था। बिजली गायब थी, गंदगी रहती थी। जो कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के संस्कार हैं, गंदगी में रहने की आदत, गंदे काम करने की आदत, अंधेरे में डकैती डालने की जो आदत थी वही उन्होंने अयोध्या में भी किया। अयोध्या को बिजली नहीं दी, विकास नहीं किया।

100 फीसदी एथेनॉल वाले ईंधन को सरकार की मंजूरी

- केवल फ्लेक्स फ्यूल गाड़ियों में यूज होगा, बन गया प्लान
- सरकार बोली- कच्चे तेल का आयात और प्रदूषण घटेगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने देश में 100 फीसदी एथेनॉल से चलने वाले फ्लेक्स-फ्यूल व्हीकल्स (ई 100) के लिए नए नियम जारी कर दिए हैं। सेंट्रल मोटर व्हीकल्स रूल्स में संशोधन यानी बदलाव करते हुए सरकार ने ई 100 फ्यूल को मंजूरी दे दी है। नए नोटिफिकेशन के तहत एमिशन प्रोविजन में ई 85 फ्यूल के साथ अब ई 100 को भी शामिल कर लिया गया है। देश में हरित ईंधन और प्रदूषण मुक्त परिवहन को बढ़ावा देने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने सोमवार को केंद्रीय मोटर वाहन नियमों में संशोधन की अधिसूचना जारी कर दी है, जिससे अब 100 फीसदी इथेनॉल-

ब्लेंडेड पेट्रोल (ई 100) पर चलने वाले फ्लेक्स-फ्यूल वाहनों के निर्माण और संचालन का रास्ता साफ हो गया है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब कई प्रमुख कार निर्माता कंपनियां जल्द ही अपने ई 100 मॉडल्स भारत में लॉन्च करने की तैयारी कर रही हैं। एक बयान के अनुसार, नियमों में किए गए इस नए संशोधन के तहत उत्सर्जन प्रावधानों को अपडेट किया गया है।

नियमों में ई-100 को शामिल करना

अब एमिशन मानकों में ई 85 ईंधन के साथ-साथ ई 100 को भी आधिकारिक तौर पर शामिल कर लिया गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि ई 85 और ई 100 ईंधन केवल उन्हीं वाहनों के लिए हैं जो विशेष रूप से इस उच्च-इथेनॉल मिश्रण पर चलने के लिए डिजाइन और प्रमाणित किए गए हैं। क्या मौजूदा कार मालिकों को अपनी गाड़ियों में कोई बदलाव करना होगा। इस फैसले के बाद आम कार चालकों और मौजूदा वाहन मालिकों को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। मौजूदा वाहनों पर लागू नहीं: सामान्य पेट्रोल या ई 20 ईंधन पर चलने वाली वर्तमान गाड़ियां ई 85 या ई 100 ईंधन का उपयोग नहीं कर सकती हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस अधिसूचना के तहत मौजूदा वाहन मालिकों को न तो ई 85 पर स्विच करने की जरूरत है और न ही उन्हें वर्तमान या भविष्य में अपने वाहनों में किसी भी तरह का संशोधन कराने की आवश्यकता है। अधिकारियों के मुताबिक, फ्लेक्स-फ्यूल तकनीक का इस्तेमाल ब्राजील-अमेरिका जैसे देशों में किया जा रहा है।

जामिया में 20 साल बाद छात्रसंघ चुनाव का आदेश

- संविधान मंजूर होने के 15 दिन के भीतर वोटिंग

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली की जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में करीब 20 साल बाद छात्रसंघ चुनाव कराने का आदेश जारी किया गया है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सोमवार को कहा कि छात्रसंघ के संविधान को मंजूरी मिलने के 15 दिन के भीतर चुनाव कराए जाएंगे। प्रशासन ने प्रदर्शन के दौरान छात्रों को जारी सस्पेंशन और

कारण बताओ नोटिस रद्द करने का फैसला लिया है। साथ ही, आंदोलन के दौरान सुरक्षाकर्मियों के व्यवहार की जांच के लिए कमेटी बनाने का भी आश्वासन दिया। हालांकि, 12 अक्टूबर से प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने आदेश को अस्पष्ट बताते हुए कहा है कि लिखित भरोसा मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। 5 छात्र पिछले 14 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे थे। इनमें से तीन छात्रों ने भूख हड़ताल खत्म कर दी है जबकि मांगें पूरी होने तक दो छात्रों का अनशन जारी रहेगा। यूनिवर्सिटी कैंपस बंद कर क्लासेस ऑनलाइन कर दी गई थीं। जम्मू-कश्मीर स्टूडेंट्स एसोसिएशन के मुताबिक, यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी सोमवार सुबह करीब 4.30 बजे कैंपस पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारी छात्रों से बातचीत की और प्रशासन का आदेश साझा किया।

'फाइटर एसेट्स' का नहीं होगा कोई स्थाई बंटवारा

विदेशी मॉडल की नकल नहीं करेंगे, आईएएफ चीफ का बड़ा बयान

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय वायु सेना के प्रमुख एपी सिंह ने एक बार फिर से थिएटराइजेशन योजना पर राय दी है। रविवार को एक साक्षात्कार में बात करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना लड़ाकू संपत्तियों को भौगोलिक आधार पर स्थायी रूप से बांटने के पक्ष में नहीं है। उन्होंने विदेशी मॉडलों की नकल करने के बजाय, भारत की विशिष्ट सुरक्षा जरूरतों के अनुरूप एक ढांचा तैयार करने की वकालत की।

सामाचार एजेंसी को दिए एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि थिएटराइजेशन का मुख्य सिद्धांत यह होना चाहिए कि जहां जरूरी हो वहां सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल हो और जहां उचित हो वहां डिसेंट्रलाइज्ड एग्जीक्यूशन हो। उन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में चल रहे संघर्षों का हवाला देते हुए कहा कि वायु शक्ति (एयर पावर) सैन्य नतीजों को निर्णायक रूप से प्रभावित कर सकती है।

थिएटराइजेशन आजादी के बाद भारत का सबसे बड़ा सैन्य सुधार

ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा कि इसे चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और तीनों सेना प्रमुखों द्वारा स्थापित एक संयुक्त ढांचे के तहत अंजाम दिया गया था, जिसमें महत्वपूर्ण संसाधनों का केंद्रीकृत आवंटन और उनका तेजी से पुनः आवंटन निर्णायक साबित हुआ। 2019 में घोषित थिएटराइजेशन योजना को आजादी के बाद भारत का सबसे महत्वाकांक्षी सैन्य सुधार माना गया है।

दिल्ली-पटना से बेंगलुरु तक बीजेपी का 'हल्लाबोल'

- खरगे के 'बाप' वाले बयान पर बवाल, माफी की मांग

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री मोदी पर की गई टिप्पणी के विरोध में बीजेपी ने सोमवार को सभी राज्यों में पार्टी मुख्यालयों पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बीजेपी ने खरगे के बयान को अशोभनीय और अपमानजनक बताते हुए उनके तत्काल इस्तीफे की मांग की है। यह विवाद रविवार को पटना में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान शुरू हुआ, जब भीड़ में से किसी ने कहा कि मोदी कहीं नहीं जाएंगे। इस पर पलटवार करते हुए खरगे ने मंच से कहा कि मोदी का बाप भी जाएगा। इस बयान का वीडियो सामने आते ही दोनों दलों के बीच सियासी घमासान तेज हो गया। कांग्रेस अध्यक्ष

मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ दिए गए एक विवादित बयान के विरोध में बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने देश के विभिन्न राज्यों और महानगरों में सड़कों पर उतरकर व्यापक प्रदर्शन किया। बिहार की राजधानी पटना में बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध मार्च निकाला और कांग्रेस अध्यक्ष का पुतला फूंका।

सबसे पुरानी पार्टी के अध्यक्ष का बयान स्तब्ध करने वाला

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने खरगे के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री के दिवंगत पिता को लेकर की गई टिप्पणी से स्तब्ध और आहत हैं। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद है... सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह टिप्पणी किसी साधारण कार्यकर्ता या युवा नेता ने नहीं, बल्कि खुद को देश की सबसे पुरानी पार्टी बताने वाली कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की है।

ज्ञानेश कुमार को हटाएं, 30 सेकंड में आंदोलन रुक जाएगा

- राहुल गांधी ने दिल्ली के व्यापारियों से कह दी है बड़ी बात

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रामलीला मैदान में एक नवंबर को होने वाली विपक्षी दलों की रैली पर कमेंट किया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में दिल्ली के व्यापारियों को संबोधित करते हुए अपनी बात रखी। राहुल गांधी ने व्यापारियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहिए कि वो आरोपी नंबर 4 ज्ञानेश कुमार को हटाएं

तो विपक्ष का आंदोलन 30 सेकंड में रुक जाएगा। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर एक वीडियो शेयर करते हुए पोस्ट में दिल्ली के व्यापारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस उनकी बात सुन रही है और उनके साथ खड़ी है।

सीटीआई से जुड़े व्यापारियों ने राहुल गांधी को भेजा था लेटर

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' आगामी एक नवंबर को वोट चोरी के खिलाफ रामलीला मैदान में रैली करने वाला है। इसी को लेकर पिछले दिनों 'चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री' (सीटीआई) के अध्यक्ष बृजेश गोयल ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर कहा था कि यह रैली ऐसे समय में हो रही जब त्योहारी सीजन है। जब धनतेरस और दिवाली से पहले व्यापारियों को बड़ी संख्या में ग्राहकों के आने की उम्मीद है। इस दौरान रामलीला मैदान के आसपास रैली से थोक और खुदरा बाजारों पर खरीदारी प्रभावित हो सकती है। बृजेश गोयल ने कहा था कि दिल्ली में धनतेरस के आसपास सोना-चांदी, इलेक्ट्रॉनिक, कपड़े, बर्तन, सूखे मेवे, मिठाइयां, वाहन, संपत्ति और उपहार की वस्तुओं जैसे विभिन्न क्षेत्रों में करीब 25,000 करोड़ रुपये का कारोबार होता है।

मुंबई की लाइफलाइन 'लोकल' ट्रेन में आई तकनीकी खराबी

- संचालन गड़बड़ाया, इंतजार के बाद यात्री ट्रैक पर चलने को हुए मजबूर

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई में मुलुंड और ठाणे स्टेशनों के बीच ओवरहेड केबल पर तार लटके मिलने के कारण सेंट्रल रेलवे की लोकल ट्रेन सेवाएं बाधित हो गई हैं। यात्रियों को मुलुंड और नाहुर के बीच पटरियों पर चलते देखा गया। सेंट्रल रेलवे के स्वप्निल नीला ने कांजुरमार्ग में सिग्नल फेल होने की घटना की पुष्टि की है। उन्होंने कहा है कि इसके कारण विक्रोली और भांडुप के बीच सेंट्रल रेलवे का परिचालन बाधित हो गया था। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि मुंबई की सेंट्रल लाइन में प्रॉब्लम आने से लोकल ट्रेनों का संचालन रुका। बड़ी संख्या में यात्रियों को ट्रैक पर चलते हुए देखा जा रहा है। मुंबई में लोकल से लाखों लोग प्रतिदिन सफर करते हैं।

ओबीसी क्रीमीलेयर पर असमंजस 2 महीने से आईएएस ट्रेनिंग अटकी

- केंद्र बोला-एससी बताए नियम कैसे लागू होंगे, फैसले में नई-पुरानी भर्तियों पर स्थिति साफ नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को ओबीसी क्रीमीलेयर के नियमों को लेकर एक फैसला दिया था। इसके बाद यह भ्रम पैदा हो गया है कि यह नियम केवल नई भर्तियों पर लागू होगा या पुरानी भर्तियों पर भी। इसका असर ये हुआ कि आईएएस अफसरों की ट्रेनिंग दो महीनों से अटकी हुई है। इसे अगस्त के तीसरे हफ्ते से शुरू होना था। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) ने रविवार शाम इसे लेकर एक नोट जारी किया। इसमें बताया कि सरकार चाहती है कि सुप्रीम कोर्ट यह साफ करे कि इस फैसले को कैसे लागू करना है। विभाग ने सिविल सेवा परीक्षा के 14 सालों के उम्मीदवारों के आंकड़े जुटाकर विभिन्न पहलुओं का आंकलन किया है। इसे लेकर केंद्र सरकार ने 24 अगस्त 2026 को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

11 मार्च की सुनवाई में कोर्ट ने ओबीसी कैंडिडेट्स को राहत दी है

सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को सुनाए फैसले में कहा था- ओबीसी आरक्षण में क्रीमीलेयर का फैसला केवल माता-पिता की आय के आधार पर नहीं किया जा सकता। माता-पिता या अभिभावकों के पद (पोस्ट) और सामाजिक स्थिति (स्टेटस) को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए। साथ ही कहा कि अगर सरकारी कर्मचारियों के बच्चों और प्राइवेट या ओबीसी कर्मचारियों के बच्चों को अलग-अलग तरीके से आरक्षण दिया जाए तो यह अनुचित भेदभाव होगा। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने यह फैसला दिया। कोर्ट ने केंद्र की अपील को खारिज करते हुए दिल्ली,मद्रास और केरल कोर्ट के फैसलों को सही माना।

संक्षिप्त समाचार

प्रेमिका पुलिस लेकर प्रेमी के घर पहुंची, ससुराल वाले ताला लगाकर फरार, किराए के मकान में रखता था पति

हाजीपुर। वैशाली के सराय थाना क्षेत्र में एक युवती अपने पति के घर पहुंची तो घर के सदस्य ताला लगाकर वहां से चले गए। युवती पुलिस के साथ सराय हाट रोड स्थित दुर्गा मंदिर के पास अपने ससुराल पहुंची थी। घर बंद मिलने के बाद वह बाहर खड़ी रही और न्याय की मांग की।

युवती के अनुसार, करीब चार महीने पहले उसने बालमुकुंद साह के बेटे रूपेश साह से प्रेम विवाह किया था। आरोप है कि रूपेश ने अपनी पहली शादी की बात छिपाकर उससे शादी की। बाद में जब युवती पति के घर पहुंची, तो उसे रूपेश के पहले से शादीशुदा होने की जानकारी मिली। युवती का आरोप है कि पहली शादी की जानकारी सामने आने के बाद ससुराल वालों ने उसे घर में रखने से मना कर दिया और बाहर निकाल दिया। रहने की जगह नहीं मिलने पर वह न्याय की गुहार लेकर सराय थाने पहुंची। रविवार को युवती पुलिस के साथ पति के घर पहुंची। उसके मुताबिक, पुलिस को साथ देखकर या उसके पहुंचने पर घर के सदस्य ताला लगाकर वहां से चले गए। इसके बाद युवती घर के बाहर खड़ी रही। वह पति के घर में रहने और मामले में न्याय दिलाने की मांग कर रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवती के आरोपों और शादी से जुड़े तथ्यों की पुष्टि के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शादी के 4 महीने बाद नवविवाहिता की मौत, पति पर करंट लगाकर हत्या का आरोप, गले पर मिले काले निशान

हाजीपुर। वैशाली के राघोपुर में एक नवविवाहिता अंजली कुमारी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। आरोप है कि पति ने पड़ोस की लड़की से अफेयर का विरोध करने पर उसे करंट लगाकर मार डाला। अंजली की शादी चार महीने पहले ही हुई थी। मृतका के मायके वालों ने पति शंकर राम पर हत्या का आरोप लगाया है। उनके मुताबिक, अंजली पति के प्रेम संबंध का विरोध करती थी, जिस कारण दोनों में विवाद होता था। अंजली के शरीर पर करंट से जलने और गले पर काले निशान मिले हैं। यह घटना रविवार सुबह जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र की वीरपुर पंचायत के वार्ड संख्या 6 में हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया कि पति शव को ठिकाने लगाने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान ग्रामीणों की नजर पड़ गई और शोरगुल होने पर लोग मौके पर जुटने लगे। आरोप है कि इसके बाद पति शव को घर के दरवाजे पर छोड़कर फरार हो गया। इन आरोपों की भी पुलिस जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलने पर जुड़ावनपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हाजीपुर से फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने में लगी रही। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में पति-पत्नी के बीच पारिवारिक विवाद की बात सामने आई है। फिलहाल सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि खबर लिखे जाने तक मायके और ससुराल पक्ष की ओर से लिखित आवेदन नहीं मिला था। आवेदन मिलने और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पिस्टल और 2 कारतूस के साथ 3 छात्र गिरफ्तार, एक अन्य आरोपी की तलाश

पटना। पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र के GPO गोलंबर के पास STF और स्थानीय पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और नकदी बरामद की गई है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। गिरफ्तार युवकों की पहचान रवि, सौरभ और अमन के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार युवकों में दो पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्र हैं, जबकि तीसरा पूर्ववर्ती छात्र बताया जा रहा है। परिजनों ने उन्हें पटना में पढ़ाई करने के लिए भेजा था। हालांकि, पुलिस की शुरुआती जांच में उनके कथित तौर पर गलत संगति में पड़ने की बात सामने आई है। प्रारंभिक जांच में अमन को गिरोह का कथित सरगना बताया जा रहा है। पूछताछ के दौरान एक अन्य युवक के भी इस मामले से जुड़े होने की आशंका सामने आई है। पुलिस अब उसकी भूमिका की जांच कर रही है। कार्रवाई के दौरान बरामद मोबाइल फोन की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, मोबाइल से मिले कुछ साक्ष्यों के आधार पर युवकों के संपर्कों और गतिविधियों की पड़ताल की जा रही है। जांच टीम यह पता लगाने में जुटी है कि हथियार कहां से आया और इसका इस्तेमाल किस उद्देश्य से

मोबाइल दुकान से 45 लाख की चोरी, शटर काटकर फोन ले उड़े बदमाशचोरों की तलाश जारी

पटना। पटना में चोरों ने बीती रात मोबाइल दुकान को निशाना बनाया। चोर मां कम्युनिकेशन का शटर लॉक काटकर दुकान में घुसे और बड़ी संख्या में मोबाइल फोन लेकर फरार हो गए। दुकानदार के मुताबिक, चोरी गए मोबाइल की कीमत करीब 40 से 45 लाख रुपए है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना पत्रकार नगर थाना क्षेत्र के काली मंदिर रोड स्थित संजय गांधी नगर की है। दुकानदार राजीव राज ने बताया कि वह रात में दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो शटर का लॉक कटा हुआ मिला। अंदर जाकर जांच की तो बड़ी संख्या में मोबाइल फोन गायब थे। इसके बाद उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद पत्रकार नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। DIU की टीम ने भी घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने फिंगरप्रिंट समेत अन्य जरूरी साक्ष्य जुटाए। वहीं, FSL की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की, ताकि आरोपियों के बारे में सुराग मिल सके। पत्रकार नगर थानाध्यक्ष सज्जाद गद्दी ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों और अन्य उपलब्ध जानकारी के आधार पर चोरों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि वारदात में कितने लोग शामिल थे। आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई जारी है।

सचिवालय हॉल्ट पर ट्रेन से गिरकर बुजुर्ग की मौत, सुबह करीब 9 बजे हादसा, चढ़ने के दौरान फिसला पैर

पटना। पटना के सचिवालय हॉल्ट रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह ट्रेन से गिरने के कारण एक बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बुजुर्ग पैसेंजर ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे नीचे गिर पड़े। गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हो गई।

ट्रेन में चढ़ने के दौरान हुआ हादसा: प्रत्यक्षदर्शी राममोती सिंह के मुताबिक, बुजुर्ग लोकल ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहे थे। इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वे नीचे गिर गए। वहां मौजूद एक व्यक्ति ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो सका। बुजुर्ग का वजन अधिक होने के कारण वह उन्हें गिरने से नहीं रोक पाए।

शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटी पुलिस: घटना की सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस उनकी पहचान करने और परिजनों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। GRP और RPF हादसे की परिस्थितियों की जांच कर रही हैं। शुरुआती जानकारी के अनुसार, ट्रेन में चढ़ने के दौरान संतुलन बिगड़ने से बुजुर्ग नीचे गिरे थे। पुलिस की जांच के बाद घटना से जुड़ी अन्य जानकारी स्पष्ट हो सकेगी।

मंत्री लखेंद्र पासवान बोले-अधिकारी गुणवत्ता की जांच करें

कहा- गरीबों को मिलने वाला चावल कबूतर भी नहीं खाता

एजेंसी, पटना

पटना में गरीबों को जन वितरण प्रणाली (PDS) के तहत मिलने वाले चावल की गुणवत्ता पर सवाल उठे हैं। बिहार सरकार के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री लखेंद्र पासवान ने कहा कि चावल की गुणवत्ता इतनी खराब है कि कबूतर भी नहीं खाता है, आम आदमी क्या खाएगा। उन्होंने अधिकारियों से गरीबों को दिए जाने वाले खाद्यान्न की गुणवत्ता की गंभीरता से जांच करने को कहा। मंत्री लखेंद्र पासवान ने आज मुख्य सचिवालय में आयोजित राज्य स्तरीय सतर्कता समिति की बैठक में यह मुद्दा उठाया। बैठक की अध्यक्षता खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने की। इस दौरान पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश समेत विभाग के कई वरीय अधिकारी भी मौजूद थे।

गरीबों को मिलने वाले चावल की गुणवत्ता पर सवाल: बैठक में लखेंद्र पासवान ने कहा, जन वितरण प्रणाली के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाता है। ऐसे में यह जरूरी है कि उन्हें अच्छी गुणवत्ता का अनाज मिले। उन्होंने चावल की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए अधिकारियों से इसकी जांच सुनिश्चित करने को कहा। मंत्री ने स्पष्ट किया कि पात्र लाभुकों को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न मिलना चाहिए। इस मामले में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, क्योंकि इससे सीधे गरीब परिवारों के हित जुड़े हैं।

अधिकारियों को जांच के निर्देश: बैठक में जन वितरण प्रणाली के तहत बांटे जा रहे खाद्यान्न की गुणवत्ता की गंभीरता से जांच करने पर जोर दिया गया। साथ ही, योजना में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा पात्र लाभुकों तक अनाज पहुंचाने से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। मंत्री ने अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि सरकारी योजना का लाभ सही लोगों तक पहुंचे और उन्हें मिलने वाले खाद्यान्न की गुणवत्ता से समझौता न हो।

जन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता पर जोर: जन वितरण प्रणाली के तहत गरीब और जरूरतमंद परिवारों को राशन उपलब्ध कराया जाता है। बैठक में इस व्यवस्था को प्रभावी बनाने और लाभुकों के अधिकारों की रक्षा से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। सरकार की ओर से कहा गया कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने और राशन वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाएगा।

मंगलसूत्र छीनकर भाग रहे दो बदमाशों की पिटाई

एजेंसी, पटना

दानापुर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर मठपर में सोमवार को दिनदहाड़े बाइक सवार दो बदमाशों ने एक महिला के गले से मंगलसूत्र छीन लिया और भागने लगे। महिला के शोर मचाने पर स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपितों को शनिचरा स्थान मंदिर के पास पकड़ लिया।

इसके बाद लोगों ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी। आरोपियों का पिटाई का वीडियो के सामने आया है। मौके पर मौजूद लोगो ने उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। घटना के बाद इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इस संबंध में थाना क्षेत्र के भट्ठा रोड निवासी सोनी देवी ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि सोमवार को वह अपने बच्चे को पैदल केंद्रीय विद्यालय पहुंचाने जा रही थीं। इसी दौरान सुल्तानपुर मठपर के पास बाइक सवार दो युवक उनके नजदीक पहुंचे और गले से मंगलसूत्र छीनकर भागने लगे। महिला ने बताया कि मंगलसूत्र छीनकर भाग रहे बदमाशों को देखकर उन्होंने शोर मचाया। उनकी आवाज सुनकर आसपास मौजूद स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और बदमाशों का पीछा करने लगे। लोगों ने शनिचरा स्थान मंदिर के पास दोनों को पकड़ लिया। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने दोनों की जमकर पिटाई कर दी। जिसका वीडियो भी सामने आया है। जिसमें देखा जा रहा है को मौके पर मौजूद लोगो के दोनों आरोपियों की जमकर पिटाई कर रहे है। जमकर पिटाई करने के बाद लोगों ने दोनों को सुल्तानपुर पुलिस चौकी ले गए। बताया जाता है कि घटना की सूचना मिलने के करीब एक घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपितों को अपने साथ थाने ले गई। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान शाहपुर थाना क्षेत्र के भगवतीपुर निवासी मनीष और गौतम के रूप में हुई है। दानापुर थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला से मंगलसूत्र छिनतई मामले के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

अनंत को जेडीयू से निकाला, अब आवास खाली करने का नोटिस

एजेंसी, पटना

मोकामा विधायक अनंत सिंह पर जदयू लगातार कड़े एक्शन ले रही है। पार्टी से निकालने के बाद सदस्यता रद्द करने की मांग की गई। अब सरकारी आवास खाली कराने को लेकर लेटर जारी कर दिया गया है। नीलम देवी को पटना के 1, मॉल रोड स्थित सरकारी आवास को खाली करने का आदेश दिया गया है। बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग की ओर से जारी पत्र में उन्हें 25 नवंबर 2026 तक आवास खाली करने को कहा गया है। आवास खाली करने का नोटिस जारी होने के बाद कांग्रेस की पूर्व विधायक नीतू सिंह अनंत सिंह से मिलने पहुंचीं।

सोमवार सुबह उनकी पत्नी नीलम देवी को 20 सूत्री समिति के सदस्य पद से हटा दिया गया। इसके साथ ही नीलम देवी से राज्य मंत्री का दर्जा भी वापस ले लिया गया है।

जेडीयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह और संजय झा दिल्ली में साथ नजर आए। दोनों जेडीयू नेताओं से अनंत सिंह के बारे में सवाल पूछा तो उन्होंने चुप्पी साध ली।पत्रकारों ने केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह से पूछा कि आपलोग दोनों वरिष्ठ नेता हैं जदयू के। आपलोगों ने एक्शन लिया है बिहार में अनंत सिंह को लेकर, तो उसमें क्या सदस्यता को भी लेकर है? इस पर ललन सिंह आगे बढ़ कर अपनी गाड़ी की तरफ गए और वहां जाकर कहा कि 'संजय झा जी से बात करिए।' इसके बाद गाड़ी में बैठने से पहले उन्होंने संजय झा की ओर देख कर मुस्कुरा कर कहा कि 'मतलब ठीक कहे न'।

बिहार बीजेपी अध्यक्ष बोले- कान पकड़कर माफी मांगें खड़गे, भाजपा का प्रदर्शन, राहुल का पोस्टर जलाया

एजेंसी, पटना

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के PM मोदी पर दिए गए बयान को लेकर बिहार बीजेपी आज सड़क पर उतरी। पार्टी ऑफिस से प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध मार्च निकाला। इस दौरान 'बुजुर्ग खड़गे शर्म करो, अपशब्द बोलना बंद करो' जैसे नारे लिखे बैनर-पोस्टर के साथ नारेबाजी की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, राहुल-खड़गे को पूरे देश से कान पकड़कर, उठक-बैठक लगाकर माफी मांगनी चाहिए।

पीएम मोदी को अपशब्द कहने पर मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी का पोस्टर जलाया गया। बता दें, रविवार को पटना में कांग्रेस के कार्यक्रम में खड़गे ने कहा, 'मोदी क्या, मोदी का बाप भी जाएगा।' खड़गे ने यह बात एक कार्यकर्ता के जवाब में कही। कार्यकर्ता ने कहा था कि मोदी जी नहीं जाने वाले हैं। जब तक देश में विद्रोह नहीं होगा, मोदी सरकार नहीं हटेगी। इस पर वहां मौजूद लोगों ने उस शख्स की पिटाई कर दी। इससे पहले बिहार के दरभंगा में 27 अगस्त 2025 को राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान PM मोदी की मां को गाली दी गई थी। इसके विरोध में बिहार बंद किया गया और प्रदर्शन भी किए गए थे।

> ♦ कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा था- मोदी का बाप भी जाएगा

गिरिराज सिंह बोले- माफी मांगे जाने तक प्रदर्शन जारी रहेगा: भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने कहा, मल्लिकार्जुन खड़गे जी ही केवल पीएम मोदी के पिता का अपमान नहीं किए हैं बल्कि इनकी सोच में ये हैं। इनके DNA में है। अगर राहुल गांधी इस पर कोई टिप्पणी नहीं करते हैं, अगर वह खड़गे जी से माफी मांगने की मांग नहीं करते हैं, तो हम देश की जनता को बताते रहेंगे कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से हताशा में है। हम तब तक विरोध करते रहेंगे जब तक खड़गे जी इस्तीफा नहीं दे देते, जब तक वह माफी नहीं मांग लेते, और जब तक राहुल गांधी और सोनिया गांधी अपनी चुप्पी नहीं तोड़ देते। मंत्री रामकृपाल ने कहा, भाजपा इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं करती है। जो सच्चे कार्यकर्ता हैं, वो भाषा की मर्यादा रखते हैं।

बिहार बीजेपी अध्यक्ष बोले- पूरे देश से कान पकड़कर माफी मांगें खड़गे: बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा, पीएम मोदी जी के पिताजी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया, उसके खिलाफ आज भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया है। यह देश व्यापी प्रदर्शन है। प्रत्येक राज्य की राजधानी में यह प्रदर्शन हो रहा है। अभी भी राहुल गांधी, घमंडिया गठबंधन और मल्लिकार्जुन खड़गे को समझ लेना चाहिए। पूरे देश से कान पकड़कर, उठक-बैठक लगाकर माफी मांगनी चाहिए।

थाली पीटकर बिहार पुलिस ड्राइवर्स कैंडिडेट्स का प्रोटेस्ट, पटना में 51 दिन से जारी है धरना

एजेंसी, पटना

बिहार पुलिस ड्राइवर अभ्यर्थी पटना में प्रदर्शन किया। गर्दनीबाग धरनास्थल में सड़क पर बैठकर नारेबाजी की गई। थाली पीट-पीटकर अपनी मांगों को दोहराते नजर आए। सरकार को आर-पार की लड़ाई की चेतावनी देते हुए 5000 से ज्यादा अभ्यर्थी आज गर्दनीबाग में जुटे। प्रदर्शनकारियों ने डफली, टीन और धरनास्थल का गेट बजाकर भी प्रदर्शन किया। कैंडिडेट्स का कहना है कि सरकार इनकी बातों को सुनकर भी अनसुना कर रही है। हर बार केवल आश्वासन दिया जाता है।

अभ्यर्थी बीते 51 दिन से गर्दनीबाग में धरना दे रहे हैं। अभ्यर्थियों की मुख्य मांग भर्ती में खाली रह गई 1200 से अधिक महिला सीटों को लेकर है। उनका कहना है कि अगर नियम इसकी अनुमति देता है तो इन सीटों पर वैकेंसी निकाली जाए और पुरुष अभ्यर्थियों को मौका दिया जाना चाहिए। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि हमने 243 विधानसभा के सभी विधायकों को पत्र लिखा है। यहां तक कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भी मुंगेर में दुर्गा पूजा के दौरान बात की थी, मगर उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में पता ही नहीं है।

5 लोगों का डेलिगेशन मुख्य सचिव से मिलने गया: पांच लोगों की डेलिगेशन टीम मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत से मिलने गई है। अभ्यर्थियों का कहना है कि जब तक हम लोगों को लिखित आश्वासन में नहीं मिलेगा, तबतक हम लोग यहां से नहीं हटेंगे।

कैंडिडेट्स बोले- हमने 3-3 परीक्षाएं पास की, फिर भी नौकरी नहीं मिली: कृष्ण नंदन ने कहा, हमलोगों ने पूजा, हवन, आरती सबकुछ कर लिया, लेकिन अब तक कुछ नहीं हुआ है। अब आर पार की लड़ाई है, हम सीट लेकर जाएंगे। हमलोग तीन-तीन एग्जाम पास करके आए हैं, रिटेन और फिजिकल दिए हैं लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। अभ्यर्थियों ने स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा पदाधिकारी की गाड़ी को घेर लिया और जाने से रोक रहे थे, हालांकि कुछ देर बाद पदाधिकारी ने गाड़ी मुड़ ली और निकल गए।

कैंडिडेट्स बोले- सरकार हमारी सुन नहीं रही है: आदित्य ने कहा, हमने 243 विधानसभा के सभी विधायकों को पत्र लिखा है। यहां तक कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से भी मुंगेर में दुर्गा पूजा के दौरान बात की थी। मगर उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में पता ही नहीं है।

तेजस्वी बोले-जब गद्दारी की तभी चेताया था, आज नतीजा सबके सामने

एजेंसी, पटना

अनंत सिंह को जदयू से निकाले जाने के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने प्रतिक्रिया दी है। तेजस्वी से जब पूछा गया कि क्या वो अनंत सिंह के आगे आएंगे। इस पर तेजस्वी ने कहा कि जो होना था वह तो हो ही रहा है। हमारी तरफ से कोई प्रस्ताव नहीं है। तेजस्वी ने कहा है कि देख लीजिए आज क्या स्थिति बनी हुई है, हमने तो पहले ही भविष्यवाणी की थी। जब विश्वास मत जब चल रहा था। तब हमने हमारे तीन विधायक नीलम देवी जी, आनंद मोहन के बेटे चेतन आनंद और पहलाद यादव से कहा था कि आप लोग जहां समर्थन दे रहे हैं, समय बताया कि आप लोगों के साथ क्या होगा।।

हमने उसे समय कहा था कि आप लोगों का कुछ नहीं होने वाला है। हमने उसे समय एक बात और कही थी कि नीतीश कुमार जी अचेत अवस्था में है। चुनाव के लिए उनके चेहरे का सिर्फ इस्तेमाल किया गया। बाद में उन्हें पद से हटा दिया गया। हमने यह भी कहा था कि जनता दल यूनाइटेड खत्म हो जाएगी वह भी देखने को मिल रहा है।

तेजस्वी ने एक बार फिर से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जिसे मुख्यमंत्री बनाया है उसके चेहरे पर आने वाले चुनाव में 10 सीट भी नहीं मिलेगी।

टीआरई 4-33,320 पद, अबतक 9 लाख कैंडिडेट्स ने भरा फॉर्म

एजेंसी, पटना

बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) ने चौथे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा (TRE-4.0) के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ा दी है। अब अभ्यर्थी 3 नवंबर 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। वहीं, आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख 2 नवंबर तय की गई है। इस भर्ती में शिक्षा विभाग में विद्यालय अध्यापक के 33,320 पदों पर नियुक्ति होनी है। अबतक 33, 320 पदों के लिए अब तक 9 लाख कैंडिडेट ने फॉर्म भरा है। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में रमन कुमार मंडल और अन्य बनाम बिहार राज्य एवं अन्य मामले में 1 अगस्त 2025 को पारित आदेश के आलोक में आवेदन की तारीख बढ़ाई है। साथ ही संबंधित मामले के याचिकाकर्ताओं को 29 अक्टूबर 2026 तक आयोग कार्यालय में अपना नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि का प्रमाण, आधार संख्या और मोबाइल नंबर जमा करने को कहा गया है। TRE-4.0 के तहत पहले 32,388 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू की गई थी। बाद में रिक्तियों में संशोधन कर 932 पद बढ़ाए गए, जिसके बाद कुल पदों की संख्या 33,320 हो गई थी। बढ़ाए गए पदों में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक शामिल हैं। कक्षा 9वीं और 10वीं के लिए 493 पद बढ़ाए गए थे। इससे इन कक्षाओं में रिक्तियों की संख्या 3,877 से बढ़कर 4,370 हो गई थी। वहीं, कक्षा 11वीं और 12वीं के लिए 439 पद बढ़ाए गए थे। इसके बाद उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पदों की संख्या 16,101 से बढ़कर 16,540 हो गई थी।

दुनिया के टॉप 10 संग्रहालयों में बिहार म्यूजियम

एजेंसी, पटना

बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को इंटरनेशनल लेवल पर नई पहचान मिली है। राजधानी पटना स्थित बिहार म्यूजियम को साल 2026 की वैश्विक रैंकिंग में दुनिया के 100 सर्वश्रेष्ठ संग्रहालयों में नौवां स्थान और एशिया में पहला स्थान मिला है। यह रैंकिंग जर्मनी के म्यूनिख से संपादित अंतरराष्ट्रीय यात्रा मार्गदर्शिका और पत्रिका 'वर्थ अ जर्नी' की ओर से प्रकाशित की गई है। जानकारी के अनुसार, इस रैंकिंग के लिए 140 से अधिक देशों के 3,700 से ज्यादा पर्यटन और सांस्कृतिक स्थलों का मूल्यांकन किया गया। इसके बाद 37 श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ स्थलों की सूची तैयार की गई। संग्रहालय श्रेणी में बिहार म्यूजियम को उसकी आधुनिक वास्तुकला, ऐतिहासिक धरोहरों और विशिष्ट कलाकृतियों के आधार पर स्थान मिला है। संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए इसे गौरवपूर्ण बताया।

> ❐ एशिया में मिला पहला स्थान, 'वर्थ अ जर्नी' की वर्ल्ड रैंकिंग में 9वें पायदान पर पटना का संग्रहालय

पाषाण काल से आधुनिक दौर तक के इतिहास की झलक: बिहार संग्रहालय में राज्य के इतिहास और सांस्कृतिक विकास को विभिन्न दीर्घाओं के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। यहां पाषाण काल से लेकर आधुनिक युग तक की विरासत को मूर्तियों, प्राचीन सिक्कों, पांडुलिपियों और लोक कलाओं के जरिए समझने का अवसर मिलता है। इतिहास और प्राचीन कला में रुचि रखने वाले पर्यटकों के लिए यह प्रमुख आकर्षण है।

आधुनिक वास्तुकला और विशेष दीर्घाएं हैं आकर्षण: संग्रहालय का विशाल परिसर, खुले आंगन, चिल्ड्रेंस गैलरी और क्षेत्रीय लोक कला गैलरी भी पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। यहां लघु ऐतिहासिक फिल्मों के माध्यम से भी बिहार की विरासत से परिचित कराया जाता है। आधुनिक स्थापत्य और पारंपरिक धरोहरों का संयोजन इसे राज्य के महत्वपूर्ण सांस्कृतिक केंद्रों में शामिल करता है।

भ्रमण के लिए चार से पांच घंटे का समय जरूरी: म्यूजियम की विभिन्न दीर्घाओं और प्रदर्शित कलाकृतियों को विस्तार से देखने के लिए चार से पांच घंटे का समय रखना उचित है। सामान्य प्रवेश टिकट की दर 100 रुपये बताई गई है। पहचान पत्र प्रस्तुत करने पर विद्यार्थियों को आधे शुल्क में प्रवेश मिलने की जानकारी भी दी गई है। संग्रहालय सोमवार को आम लोगों और पर्यटकों के भ्रमण के लिए बंद रहता है। पर्यटकों को भ्रमण की योजना बनाने से पहले प्रवेश शुल्क और खुलने-बंद होने के समय की आधिकारिक जानकारी की पुष्टि कर लेनी चाहिए। वैश्विक रैंकिंग में मिली इस पहचान से बिहार की ऐतिहासिक धरोहर और सांस्कृतिक विरासत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक चर्चा मिलने की उम्मीद है।

संक्षिप्त समाचार

एलएनडी कॉलेज में प्रथम सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षा शुरू

बीएनएम @ मोतिहारीः शहर के एलएनडी कॉलेज में सोमवार से स्नातक सत्र 2026-30 के प्रथम सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुई। परीक्षा के पहले दिन सभी मेजर विषयों की परीक्षा आयोजित की गई। महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. जौवाद हुसैन ने बताया कि 27 अक्टूबर को सभी एमआईसी विषयों, 28 अक्टूबर को सभी एमडीसी विषयों, 29 अक्टूबर को एईसी, 30 अक्टूबर को एसईसी तथा 31 अक्टूबर को वीएसी विषयों की परीक्षा आयोजित की जाएगी। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. प्रभाकर कुमार ने बताया कि परीक्षा में शामिल होने वाले सभी छात्र-छात्राओं के लिए अपनी फीस रसीद लाना अनिवार्य है।

सत्यनिष्ठा से समृद्धि का संदेश, भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति का संकल्प

बीएनएम @ मोतिहारी। 71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), मोतिहारी में सोमवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह–2026 का शुभारंभ उत्साह एवं प्रतिबद्धता के साथ हुआ। बल मुख्यालय के निर्देशानुसार वाहिनी मुख्यालय सहित सभी बाह्य सीमा चौकियों पर आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों एवं जवानों ने सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा लेकर ईमानदारी, निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ राजकीय दायित्वों के निर्वहन का संकल्प लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व वाहिनी के कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार ने किया। 26 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक आयोजित इस सप्ताह का मुख्य विषय 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' (Probity for Prosperity) है। इसका उद्देश्य नैतिक मूल्यों, ईमानदारी एवं पारदर्शिता के प्रति जागरूकता बढ़ाकर भ्रष्टाचार मुक्त कार्यसंस्कृति को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर कमांडेंट प्रफुल्ल कुमार ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध सतर्कता, कर्तव्यनिष्ठा एवं नैतिक उत्तरदायित्व के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी कार्मिकों से अपने कार्यक्षेत्र में ईमानदारी को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन करने तथा भ्रष्ट आचरण से दूर रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान जवानों एवं अधिकारियों ने व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में उच्च नैतिक आदर्शों का पालन करने तथा संगठन की गरिमा एवं आमजन के विश्वास को बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई। वाहिनी ने स्पष्ट किया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह का उद्देश्य केवल भ्रष्टाचार के प्रति जागरूकता बढ़ाना नहीं, बल्कि पारदर्शी, उत्तरदायी एवं जनहितकारी कार्यप्रणाली को मजबूत करना भी है। इस आयोजन के माध्यम से सभी कार्मिकों को सत्यनिष्ठा, नैतिकता एवं जवाबदेही को अपने कार्यों का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया गया।

स्वास्थ्य विभाग के कामकाज में एआई के इस्तेमाल पर जोर

प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागियों का औसत स्कोर 35 से बढ़कर 90 प्रतिशत तक पहुंचा

बीएनएम @ मोतिहारी। स्वास्थ्य विभाग के कामकाज को अधिक प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों और कर्मियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के इस्तेमाल का प्रशिक्षण दिया गया। सोमवार को जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस), पूर्वी चंपारण के सभाकक्ष में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. दिलीप कुमार ने किया। मौके पर डॉ. शरत चंद्र शर्मा और डीएमएंडई अमानुल्लाह अमान मौजूद रहे। पिरामल फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यशाला में प्रतिभागियों को मेटा एआई, चैटजीपीटी, नोटबुक एलएम और क्लाउड के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी गई। उन्हें सरकारी पत्राचार, प्रेस विज्ञप्ति, रिपोर्ट और प्रेजेंटेशन तैयार करने, एचएमआईएस डेटा का विश्लेषण करने तथा पीडीएफ रिपोर्ट से जरूरी जानकारियां निकालने का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण के प्रभाव का आकलन करने के लिए प्री-टेस्ट और पोस्ट-टेस्ट आयोजित किए गए। प्री-टेस्ट में प्रतिभागियों का औसत स्कोर 30 से 35 प्रतिशत था, जो प्रशिक्षण के बाद बढ़कर 85 से 90 प्रतिशत तक पहुंच गया। सभी प्रतिभागियों ने लैपटॉप पर एआई टूल का व्यावहारिक अभ्यास किया।

एमजीसीयू में ई-वेस्ट प्रबंधन पर जागरूकता सत्र आयोजित, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी का दिया संदेश

बीएनएम @ मोतिहारी

महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू), मोतिहारी के कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-वेस्ट) के सुरक्षित निस्तारण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सत्र का संचालन विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. कविता श्रीवास्तव ने किया। सत्र के दौरान ई-वेस्ट के बढ़ते उत्पादन, उसके अनुचित निस्तारण से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों तथा मानव स्वास्थ्य के लिए उत्पन्न होने वाले खतरों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को पुराने कंप्यूटर, मोबाइल फोन, बैटरी और अन्य अनुपयोगी इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के सुरक्षित एवं वैज्ञानिक निस्तारण की प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। साथ ही, ई-वेस्ट प्रबंधन नियम, 2022 के प्रमुख प्रावधानों तथा 'रिड्यूस, रीयूज़ और रीसाइकिल' (कम उपयोग, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण) के सिद्धांतों के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। डिजिटल तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ इलेक्ट्रॉनिक कचरे का वैज्ञानिक एवं जिम्मेदार प्रबंधन भी अनिवार्य हो गया है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों की जिम्मेदारी है कि वे विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और उत्तरदायित्व की भावना विकसित करें तथा सतत विकास को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभाएँ। विभाग के प्रो. अरविंद कुमार शुक्ल ने कहा कि तकनीकी विकास तभी सार्थक है, जब वह पर्यावरण के अनुकूल हो। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का विवेकपूर्ण उपयोग, उनकी उपयोग-अवधि बढ़ाना तथा अनुपयोगी उपकरणों को अधिकृत संग्रहण एवं पुनर्चक्रण केंद्रों तक पहुँचाना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। प्रो. विकास पारीक ने ई-वेस्ट प्रबंधन को सतत विकास का अभिन्न अंग बताते हुए विद्यार्थियों से पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ई-वेस्ट के उचित प्रबंधन के प्रति जागरूकता विकसित कर पर्यावरणीय क्षति को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के समन्वयक प्रो. प्राणवीर सिंह ने इलेक्ट्रॉनिक कचरे को सामान्य कचरे से अलग रखने तथा उसका सुरक्षित निस्तारण अधिकृत पुनर्चक्रण केंद्रों के माध्यम से सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच ई-वेस्ट प्रबंधन के प्रति व्यापक जागरूकता आवश्यक है। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों ने इलेक्ट्रॉनिक कचरे के जिम्मेदार प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह जागरूकता सत्र विश्वविद्यालय परिसर में पर्यावरणीय चेतना को प्रोत्साहित करने तथा सतत विकास की अवधारणा को मजबूत बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ।

71वीं वाहिनी एसएसबी में 'श्री अन्न' प्रतियोगिता का आयोजन, पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता का संदेश

बीएनएम @ मोतिहारी

71वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), मोतिहारी द्वारा संदीक्षा सदस्यों के लिए वाहिनी परिसर में मिलेट्स (श्री अन्न) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीमान्त मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, पटना के उप-महानिरीक्षक डॉ. एस. के. राय की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता में संदीक्षा सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा मिलेट्स (श्री अन्न) से तैयार विभिन्न प्रकार के पौष्टिक एवं स्वादिष्ट व्यंजनों को प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने अपनी पाक-कला, रचनात्मकता एवं कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए श्री अन्न से बनाए जाने वाले विविध व्यंजनों की विशेषताओं और उपयोगिता को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर श्री अन्न के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि बाजरा, ज्वार, रागी सहित अन्य मोटे अनाज पोषक तत्वों, आहार रेशे एवं विभिन्न खनिजों के अच्छे स्रोत हैं। इनका नियमित एवं संतुलित मात्रा में सेवन स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और संतुलित आहार को बढ़ावा देने में सहायक है। साथ ही, मोटे अनाजों के उपयोग को प्रोत्साहित करना भारतीय पारंपरिक खाद्य संस्कृति के संरक्षण तथा पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार प्रदान कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया तथा उन्हें श्री अन्न के अधिकाधिक उपयोग के प्रति प्रेरित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य पौष्टिक आहार के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मोटे अनाजों के उपयोग को प्रोत्साहित करना तथा पारंपरिक भारतीय खाद्य पदार्थों के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना रहा।

सड़क-नाला निर्माण का महापौर ने किया निरीक्षण

बीएनएम @ मोतिहारी

नगर निगम मोतिहारी क्षेत्र अंतर्गत मठिया जीरात में निर्माणाधीन मुख्य सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण महापौर प्रीति कुमारी, नगर आयुक्त आशीष कुमार एवं निगम पार्षद प्रतिनिधि अजय सिंह ने संयुक्त रूप से किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के कनीय अभियंता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।निरीक्षण के क्रम में सड़क के उच्चीकरण को ध्यान में रखते हुए सड़क का लेवल निर्धारित कराया गया। महापौर ने संबंधित अभियंताओं एवं निर्माण कार्य में लगे कर्मियों को निर्देश दिया कि सड़क की ढलाई के दौरान निर्धारित ऊंचाई एवं लेवल का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से और निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा हो सके। महापौर प्रीति कुमारी ने कहा कि शहर में जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान करना नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है। सड़क एवं नाला निर्माण कार्य पूरा होने के बाद स्थानीय नागरिकों को जलजमाव से राहत मिलने के साथ-साथ आवागमन में भी काफी सुविधा होगी। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने और निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान नव-निर्मित बॉस्को मोटर रोड तथा बंधन मैरेज हॉल के बगल वाली गली में जल निकासी की समस्या का भी निरीक्षण किया गया। संबंधित पदाधिकारियों को स्थल की स्थिति का आकलन कर समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया, ताकि स्थानीय निवासियों को जलजमाव एवं जल निकासी से जुड़ी परेशानियों से राहत मिल सके। नगर निगम की ओर से सड़क एवं नाला निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। इसका उद्देश्य क्षेत्र में बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराने, जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाने तथा स्थानीय नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। नगर निगम मोतिहारी शहर के विकास, बेहतर आधारभूत संरचना, सुचारु जल निकासी एवं नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

आपदा प्रबंधन में सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देना जरूरी : विकास कुमार

आपदा मित्रों को मिला जीवन रक्षा का प्रशिक्षण, खोज-बचाव और मॉक ड्रिल से बढ़ेगी आपदा से निपटने की क्षमता

बीएनएम @ मोतिहारी

आपदा की घड़ी में समुदाय की पहली पंक्ति में खड़े होकर लोगों की जान बचाने वाले आपदा मित्र स्वयंसेवकों को और अधिक दक्ष बनाने के उद्देश्य से सोमवार को जिला आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र, पिपराकोठी में दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। सेल्सफोर्स के सहयोग से बाल रक्षा भारत (सेव द चिल्ड्रेन) एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), पूर्वी चंपारण के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह कार्यशाला 'जलवायु-स्मार्ट एवं आपदा-रोधी समुदाय परियोजना' का हिस्सा है। कार्यशाला का उद्घाटन प्रभारी पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन एवं सीनियर डिप्टी कलेक्टर विकास कुमार, एसडीआरएफ टीम लीडर कृष्ण कुमार, आपदा प्रबंधन के प्रोग्रामर इंजीनियर गोविंद, सदर अस्पताल के डॉ. मुकेश कुशवाहा, डॉ. शफी इमाम तथा बाल रक्षा भारत के असीम मंडल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। 26 एवं 27 अक्टूबर तक चलने वाली इस कार्यशाला का मुख्य विषय 'जीवन रक्षक शिक्षा एवं कार्यक्रम संचालन' है। इसके तहत स्वयंसेवकों को प्राथमिक उपचार, सीपीआर, खोज एवं बचाव, सुरक्षित निकासी, आश्रय प्रबंधन, आपातकालीन प्रतिक्रिया तथा समुदाय के साथ प्रभावी समन्वय का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। व्यावहारिक अभ्यास और मॉक ड्रिल के माध्यम से स्वयंसेवकों की आपदा से निपटने की क्षमता को मजबूत किया जा रहा है। इस अवसर पर आपदा प्रबंधन के प्रभारी पदाधिकारी विकास कुमार ने कहा कि आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देना बेहद जरूरी है। बाल रक्षा भारत एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से मोतिहारी प्रखंड के 20 गांवों और 40 विद्यालयों में आपदा पूर्व तैयारी को मजबूत करने तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित आपदा मित्र गांवों और विद्यालयों में बच्चों, शिक्षकों एवं समुदाय के लोगों को आपदा से बचाव, सुरक्षा उपायों और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित करेंगे। इससे स्थानीय स्तर पर आपदाओं के प्रभाव को कम करने और सामुदायिक तैयारी को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। कार्यशाला के दौरान सदर अस्पताल की टीम ने प्राथमिक उपचार एवं कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) का मॉक ड्रिल कराकर जीवन रक्षा की तकनीकों की जानकारी दी। वहीं, एसडीआरएफ की टीम ने खोज-बचाव और आश्रय प्रबंधन से संबंधित व्यावहारिक अभ्यास कराया। प्रशिक्षण के दौरान बाढ़ और भूकंप जैसी आपदाओं के समय त्वरित, सुरक्षित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया देने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यशाला का संचालन बाल रक्षा भारत के हामिद रजा एवं सत्य प्रकाश ने किया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन अग्निशमन विभाग की ओर से आग से बचाव एवं अग्नि सुरक्षा के उपायों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

61 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

बीएनएम @ मोतिहारी

पूर्वी चंपारण जिले के बीजधरी थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक दुकान से 61 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद की है। मौके से प्राथमिकी अभियुक्त छठू मुखिया को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपित सुंदरापुर बढ़ई टोला निवासी गोकुल मुखिया का पुत्र बताया गया है। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना मिलने के बाद की गई कार्रवाई में आरोपित की दुकान से शराब बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में बीजधरी थानाध्यक्ष सीमा कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए छठू मुखिया को उसकी दुकान से 61 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

प्राकृतिक और आयुर्वेदिक चिकित्सा से स्वस्थ जीवन का संदेश, सिटीजन फोरम की गोष्ठी में जीवनशैली सुधार पर विशेष जोर

बीएनएम @ मोतिहारी

शहर के बंजरिया पंडाल स्थित एक निजी होटल के सभागार में सिटीजन फोरम ऑफ मोतिहारी के तत्वावधान में प्राकृतिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता फोरम की कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. संध्या रानी चौधरी ने की, जबकि संचालन संस्थापक अध्यक्ष वीरेंद्र जालान ने किया। कार्यक्रम में स्वागत एवं परिचय के बाद प्रचलित एलोपैथिक, प्राकृतिक और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियों का तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार और नियमित दिनचर्या के महत्व पर चर्चा की। फोरम के पूर्व अध्यक्ष वीरेंद्र जालान ने प्राकृतिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा की उपयोगिता पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि संयमित जीवनशैली और संतुलित आहार अपनाकर कई बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। उन्होंने प्राकृतिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा के मूल सिद्धांतों पर भी प्रकाश डाला। गोष्ठी में पतंजलि परिवार की ओर से स्वामी रामदेव के मार्गदर्शन में हरिद्वार में संचालित विभिन्न चिकित्सा केंद्रों की व्यवस्था, उपलब्ध उपचार सुविधाओं और अनुसंधान कार्यों की जानकारी दी गई। वहां उपलब्ध विभिन्न प्रकार की थेरेपी और चिकित्सा सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर संबंधित जानकारी के पत्रक भी वितरित किए गए। भारत स्वाभिमान के जिलाध्यक्ष नंदलाल यादव ने स्थानीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी और उपस्थित लोगों से गायत्री मंत्र का पाठ कराया। वहीं, जिला योग प्रभारी नरेंद्र जी ने योग के प्रचार-प्रसार के लिए संचालित विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं की जानकारी साझा की। गोष्ठी के दौरान उपस्थित लोगों की जिज्ञासाओं और सवालों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में शामिल नागरिकों के बीच फल एवं दिव्य पेय वितरित किए गए। वहीं, उत्कृष्ट सहभागिता के लिए हेमंत कुमार को सम्मानित किया गया। पतंजलि परिवार की ओर से प्रदीप जी ने धन्यवाद ज्ञापन किया, जबकि सिटीजन फोरम की ओर से पूर्व सचिव सतीश टंडन ने सभी अतिथियों एवं सहभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में फोरम की पूर्व अध्यक्ष बिंट्टी शर्मा, पूर्व सचिव सतीश टंडन, जितेंद्र सिंह, चंदू मिश्रा, अंजनी अशेष, संजय जायसवाल, हेमंत कुमार, अनुपम कुमार, मनीष कुमार, इंजीनियर अजय कुमार आजाद, प्रदीप झुनझुनवाला, अरविंद सराफ सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

चम्पारण के ऐतिहासिक कुंवार पूर्णिमा मेले का भव्य आयोजन, 57वें वर्ष में उमड़ा जनसैलाब

मसवास पंचायत में नंदकिशोर यादव के नेतृत्व में आयोजित हुआ मेला, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने की शिरकत

बीएनएम @ सिकटा

चम्पारण की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक कुंवार पूर्णिमा मेला इस वर्ष मसवास पंचायत में धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। मेले ने अपने आयोजन के 57वें वर्ष में प्रवेश करते हुए क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक एकता की परंपरा को एक बार फिर जीवंत कर दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व मसवास पंचायत के वर्तमान समिति पति नंदकिशोर यादव ने पंचायतवासियों के सहयोग से किया। मेले में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। पूरे क्षेत्र में उत्साह, उल्लास और आपसी सौहार्द का माहौल देखने को मिला। आयोजन ने लोगों को एक साथ आने, आपसी मेल-जोल बढ़ाने और अपनी पारंपरिक सांस्कृतिक विरासत को संजोने का अवसर प्रदान किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिकटा प्रखंड प्रमुख अजीत कुमार सिंह एवं उपप्रमुख कमरुल होदा उपस्थित रहे। इनके अलावा भुवन पटेल, एनजीएम के डायरेक्टर अखलाक अहमद, गोल्डन सिटी रक्सौल से जनाब सदाम अंसारी, हरिंद्र दास तथा विधायक प्रत्याशी उमाशंकर यादव सहित कई गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं, कंगली थाना प्रभारी उमेश कुमार के साथ पुलिस बल की मौजूदगी भी रही, जिससे आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मिला। कुंवार पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाला यह ऐतिहासिक मेला क्षेत्र की पहचान और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। 57वें वर्ष में भी मेले का उत्साह बरकरार रहना स्थानीय लोगों की परंपरा के प्रति आस्था और जुड़ाव को दर्शाता है। मेले के माध्यम से पंचायतवासियों और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को आपसी सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का अवसर मिला। अतिथियों की सहभागिता ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई, वहीं पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों के सामूहिक प्रयासों से आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मसवास पंचायत में आयोजित इस मेले ने एक बार फिर साबित किया कि स्थानीय परंपराएं केवल सांस्कृतिक धरोहर ही नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में बांधने का सशक्त माध्यम भी हैं।

संक्षिप्त समाचार

पुलिस से उलझना पड़ा भारी, मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा के आरोप में सात गिरफ्तार

छापेमारी में लोडेड ऑटोमैटिक पिस्टल, कारतूस, धारदार हथियार और पांच मोबाइल बरामद

बीएनएम @ मोतिहारी। पूर्वी चंपारण के हरपुर थाना क्षेत्र में मारपीट और पुलिस के सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन पुरुष और चार महिलाएं शामिल हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक लोडेड ऑटोमैटिक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, लोहे के धारदार हथियार, लकड़ी का बैट और पांच मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, 25 अक्टूबर 2026 को सैनिक रोड स्थित नायक टोला चौक पर मारपीट की सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस टीम आरोपितों के घर पूछताछ और तलाशी लेने पहुंची। इसी दौरान पुलिस के सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। इसके बाद तलाशी के क्रम में हथियार और अन्य सामान बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान घोड़ासहन निवासी नागेश्वर ठाकुर के पुत्र श्याम ठाकुर और कृष्णा ठाकुर तथा स्व. रामश्रय ठाकुर के पुत्र नागेश्वर ठाकुर के रूप में हुई है। गिरफ्तार चार महिलाओं की पहचान पुलिस की ओर से जारी विवरण में नहीं बताई गई है। बरामद सामान में एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, लोहे की हथौड़ी, लकड़ी का बैट या डंडा, लोहे का दाब, आरी, धार तेज करने वाली मशीन और पांच मोबाइल शामिल हैं। इस मामले में हरपुर थाना कांड संख्या 125/26 दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल, एक गिरफ्तार

कल्याणपुर कांड के आरोपित छोटन सिंह पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित

बीएनएम @ मोतिहारी। पूर्वी चंपारण के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। वहीं, मामले के प्राथमिकी अभियुक्त छोटन सिंह पर पुलिस अधीक्षक ने पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 25 अक्टूबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार किए जाने का वीडियो प्रसारित हुआ था। वीडियो के सत्यापन और जांच में घटना कल्याणपुर थाना क्षेत्र की पाई गई। जांच के दौरान पता चला कि 20 अक्टूबर को ध्रुव पकड़ी निवासी मनोज कुमार यादव के साथ कुछ लोगों ने मारपीट और अभद्र व्यवहार किया था। इस मामले में कल्याणपुर थाना कांड संख्या 448/26 के तहत हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। इसमें 12 नामजद और अन्य अज्ञात लोगों को आरोपित किया गया है। पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान के आधार पर ध्रुव पकड़ी निवासी अभिषेक कुमार सिंह उर्फ लड्डू सिंह को गिरफ्तार किया है। वहीं, मामले के प्राथमिकी अभियुक्त छोटन सिंह, निवासी दरमाहा, थाना केसरिया, पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस के अनुसार, मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

हाईकोर्ट के आदेश के एक माह बाद भी अनुपालन नहीं, केंद्रीय विश्वविद्यालय प्रशासन पर उठे सवाल

बीएनएम @ मोतिहारी। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग के छात्र आकाश कुमार के निष्कासन मामले में पटना उच्च न्यायालय के आदेश के एक माह से अधिक समय बाद भी अनुपालन नहीं होने का आरोप सामने आया है। छात्र का आरोप है कि निष्कासन आदेश निरस्त होने के बावजूद उन्हें अब तक शैक्षणिक प्रक्रिया में दोबारा शामिल करने के संबंध में कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। पटना उच्च न्यायालय ने 21 सितंबर 2026 को वाद संख्या 13311/2026 में 14 अगस्त 2024 के निष्कासन आदेश को निरस्त करते हुए आकाश कुमार को संस्थान में पुनः शामिल करने, पाठ्यक्रम पूरा करने और परीक्षाओं में भाग लेने के संबंध में निर्देश दिए थे। आदेश में विश्वविद्यालय की कार्रवाई की निष्पक्षता, प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के पालन और अनिश्चितकालीन निष्कासन की वैधता पर सवाल उठाए गए थे। साथ ही, जाँच प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराने और निष्कासन से पहले विशिष्ट कारण बताओ सूचना जारी नहीं किए जाने का भी उल्लेख किया गया था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन की मांग करते हुए आकाश कुमार ने 29 सितंबर को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक विशेष कार्य पदाधिकारी को प्रमाणित आदेश की प्रति के साथ लिखित प्रतिवेदन सौंपा। इसके बाद 5 अक्टूबर को स्मरण-पत्र भेजकर पुनः प्रवेश, शैक्षणिक स्थिति की बहाली और परीक्षा में शामिल होने की प्रक्रिया स्पष्ट करने का अनुरोध किया। छात्र के अनुसार, 25 अक्टूबर 2026 तक विश्वविद्यालय की ओर से न तो अनुपालन की स्थिति बताई गई और न ही आगे की शैक्षणिक प्रक्रिया को लेकर कोई लिखित सूचना मिली। उनका दावा है कि इस प्रकरण के कारण दो महत्वपूर्ण शैक्षणिक वर्ष प्रभावित हुए हैं, जिससे पढ़ाई और भविष्य को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। आकाश कुमार ने विश्वविद्यालय प्रशासन से न्यायालय के आदेश का शीघ्र अनुपालन सुनिश्चित करने तथा पढ़ाई, परीक्षा और पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए स्पष्ट एवं समयबद्ध कार्ययोजना जारी करने की मांग की है। अब विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से उठाए गए कदमों और छात्र की शैक्षणिक बहाली की समयसीमा पर सबकी नजर है।

संग्रामपुर में 165.840 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, दो गिरफ्तार

कार और बाइक में छिपाकर रखी गई थी शराब, गिरफ्तार विजय साह का पहले भी रहा है उत्पाद कांड में नाम

बीएनएम @ मोतिहारी। संग्रामपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 165.840 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से एक कार और एक मोटरसाइकिल जब्त करने के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान मधुबनी ठाकुरटोला निवासी विजय साह उर्फ टुनटुन साह और दरियापुर तिवारी टोला निवासी आनंद ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सूचना मिली थी कि विजय साह उर्फ टुनटुन साह के घर के दरवाजे पर खड़ी कार और मोटरसाइकिल में शराब रखी गई है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने मौके पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान दोनों वाहनों से कुल 165.840 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई। इसके बाद शराब जब्त कर दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में संग्रामपुर थाना कांड संख्या 390/26 दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार विजय साह उर्फ टुनटुन साह का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। उसके विरुद्ध संग्रामपुर थाना में कांड संख्या 81/24 (उत्पाद कांड) दर्ज है। छापेमारी दल में अरेराज एसडीपीओ पंकज कुमार मिश्रा, संग्रामपुर थानाध्यक्ष नीतीश कुमार, अपर थानाध्यक्ष विकास आनंद, प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार पंडित सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

दो ट्रकों के बीच पिचका टेंपो, चालक अंदर फंसा

बीएनएम @ बेतिया। नरकटियागंज-भीखनाठोरी मुख्य मार्ग पर नोनिया टोला गांव के पास दो ट्रकों के बीच टेंपो फंसने से भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में तीन लोगों के घायल होने की सूचना है, जबकि टेंपो चालक वाहन के अंदर बुरी तरह फंस गया। चालक की पहचान मोरबेलवा निवासी उपेंद्र कुमार के रूप में हुई है। उसे सुरक्षित बाहर निकालने के लिए गैस कटर की मदद से बचाव कार्य किया जा रहा है। प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार, दोनों ट्रक एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान टेंपो दोनों ट्रकों के बीच आ गया और जोरदार टक्कर हो गई, जिससे टेंपो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही शिकारपुर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। हादसे के बाद दोनों ट्रकों के चालक मौके से फरार हो गए। शिकारपुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने घटना की जानकारी दी।

यूट्यूब से सीखा हथियार बनाने का हुनर, गंडक कॉलोनी में चला रहा था मिनी गन फैक्ट्री

सोशल मीडिया पर हथियार के साथ वायरल तस्वीर से खुला राज, छापेमारी में देशी कट्टे, अर्धनिर्मित हथियार व कारतूस बरामद; मुख्य कारीगर की तलाश में जुटी पुलिस

बीएनएम @ तुरकौलिया

रघुनाथपुर थाना क्षेत्र की गंडक कॉलोनी में अवैध हथियार निर्माण के मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस अब इस धंधे से जुड़े पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुट गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी हरेन्द्र शर्मा ने पूछताछ में बताया कि उसने लॉकडाउन के दौरान यूट्यूब के माध्यम से हथियार बनाने का तरीका सीखा था। इसके बाद वह घर में ही अवैध हथियार बनाने के काम में जुट गया। मामले में हथियार निर्माण से जुड़े मुख्य कारीगर की तलाश की जा रही है, जो फिलहाल फरार बताया जा रहा है। इस अवैध कारोबार का सुराग पुलिस को सोशल मीडिया पर वायरल एक तस्वीर से मिला। बताया जाता है कि तस्वीर में एक व्यक्ति अवैध हथियार के साथ पूजा करता दिखाई दे रहा था। तस्वीर की जांच और सत्यापन के दौरान पुलिस को हथियार निर्माण से जुड़े ठिकाने की जानकारी मिली। इसके बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर तुरकौलिया और रघुनाथपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने गंडक कॉलोनी स्थित एक घर में छापेमारी की। तलाशी के दौरान पुलिस ने दो लोहे के देशी कट्टे, तीन अर्धनिर्मित कट्टे और कारबाइन जैसा एक अर्धनिर्मित हथियार बरामद किया। इसके अलावा पांच जिंदा कारतूस, एक चाकू, लकड़ी के बेंट लगे दो हथौड़े, बड़ा पिलास, लोहे की कटर मशीन और चार मोबाइल फोन भी जब्त किए गए। बरामद हथियारों और उपकरणों के आधार पर घर में अवैध हथियार निर्माण किए जाने की बात सामने आई है। मामले में पुलिस ने हरेन्द्र शर्मा को गिरफ्तार किया है, जबकि उसके पुत्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि तैयार हथियारों की आपूर्ति किन लोगों को की जाती थी और इस अवैध कारोबार में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं। साथ ही हथियार निर्माण के पूरे नेटवर्क और संभावित खरीदारों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। सदर डीएसपी दिलीप कुमार ने बताया कि मामले में फरार मुख्य कारीगर की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। कार्रवाई में तुरकौलिया थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, रघुनाथपुर थानाध्यक्ष धनंजय कुमार, एसआई मनीष राज समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

गायघाट हादसे में दो युवकों की मौत, दो गंभीर घायल

» मनु कुमार और शुभम सिंह की गई जान, गोलू का मुजफ्फरपुर तो आदित्य का पटना में चल रहा इलाज

बीएनएम @ मोतिहारी

पूर्वी चंपारण जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र के गायघाट में ट्रैक्टर और स्कार्पियो की टक्कर में दो युवकों की मौत के बाद दो अन्य गंभीर रूप से घायल युवकों का इलाज चल रहा है। घायलों में गोलू मटियारिया निवासी रमेश सिंह का पुत्र है, जिसका इलाज मुजफ्फरपुर में चल रहा है। वहीं, मानिकपुर हसुआहा निवासी विजय सिंह के पुत्र आदित्य सिंह का इलाज पटना में किया जा रहा है। दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। हादसे में सेवराहा निवासी मनु कुमार और शुभम सिंह की मौत हो गई थी। मनु कुमार चड़रहिया के पूर्व मुखिया मुरारी सिंह के पुत्र थे, जबकि शुभम सिंह अजय सिंह के पुत्र बताए गए हैं। मनु कुमार सेवराहा में सीएसपी (ग्राहक सेवा केंद्र) चलाते थे। दोनों युवकों की मौत से सेवराहा गांव में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। दुर्घटना के बाद डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हरसिद्धि पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम रात में ही कराकर परिजनों को सौंप दिया। इस संबंध में हरसिद्धि थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि दुर्घटना में दो युवकों की मौत हुई है, जबकि दो अन्य घायल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ दुर्गा प्रतिमा विसर्जन

बीएनएम @ रामगढ़वा

प्रखंड क्षेत्र में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस सोमवार को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं पूरी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हर्षोल्लास के साथ संपन्न हो गया। नवरात्रि के नौ दिनों तक चली पूजा-अर्चना के बाद विजयादशमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। विसर्जन जुलूस के दौरान पूरे प्रखंड में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। विभिन्न पूजा पंडालों से निकली माता की प्रतिमाएं बैंड-बाजे और जयकारों के साथ विसर्जन स्थल की ओर बढ़ीं। जुलूस में शामिल श्रद्धालु "बोलो दुर्गा मैया की जय" के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया। शांतिपूर्ण विसर्जन को लेकर प्रखंड प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं। सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। विसर्जन मार्ग पर जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। वहीं, विसर्जन जुलूस के दौरान प्रशासनिक अधिकारी पूरी तरह से मुस्तैद दिखे। मौके पर रक्सौल अनुमंडल पदाधिकारी नागमणि कुमार वर्मा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मनीष आनंद, रामगढ़वा सर्किल इंस्पेक्टर अनुज पांडे, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार, अंचलाधिकारी अमित कुमार, थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव मौआर और जीविका के डीपीएम मंजीत लाल स्वयं मौजूद रहकर पूरी व्यवस्था की निगरानी करते रहे। अधिकारियों की सक्रियता के कारण पूरे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रही। इस धार्मिक आयोजन में प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जुलूस में उप प्रमुख अरविंद पांडेय, प्रमुख पति विशाल गुप्ता, पूर्व मुखिया अर्जुन प्रसाद, जिला पार्षद पति कमरुद्दीन मंसूरी, सामाजिक कार्यकर्ता विनोद यादव, राजा कुमार सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। सभी ने प्रशासन के साथ मिलकर आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने में सहयोग किया। प्रशासन ने शांतिपूर्ण विसर्जन के लिए सभी पूजा समितियों और क्षेत्रवासियों का आभार जताया है।

मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक में चंपारण एक्सपो और चुनाव की तैयारियों पर मंथन

बीएनएम @मोतिहारी

मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स की 27वीं कार्यकारिणी की नौवीं बैठक रविवार को शहर के बंजरिया पंडाल स्थित एक निजी होटल के सभागार में चैंबर अध्यक्ष महेश सिन्हा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में चैंबर की विगत गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी सत्र 2027 के चुनाव, द्वितीय चंपारण एक्सपो के आयोजन तथा व्यापारिक गतिविधियों के अध्ययन के लिए प्रस्तावित दौरे सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उक्त बैठक की शुरुआत चैंबर के महासचिव आलोक कुमार द्वारा पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि और विगत अवधि में चैंबर की ओर से संचालित गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ हुई। इसके बाद कोषाध्यक्ष अनिल बोहरा ने संस्था के आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर चैंबर सदस्य नीलेश रंजन, अजय कुमार सुमन एवं विपुल कुमार विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उपस्थित रहे। चैंबर पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। आगामी सत्र 2027 के चुनाव को लेकर चर्चा के दौरान चुनाव प्रभारी एवं पूर्व अध्यक्ष बीरेंद्र जालान ने बताया कि चैंबर के अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष और संयुक्त सचिव पदों के लिए चुनाव होटल लेमन ट्री में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव में केवल वही सदस्य भाग लेने के पात्र होंगे, जिन्होंने आगामी सत्र के लिए सदस्यता नवीनीकरण शुल्क जमा कर दिया हो और जिनके ऊपर चैंबर की कोई बकाया राशि शेष नहीं हो। बैठक में सत्र 2026 के अंत में द्वितीय चंपारण एक्सपो आयोजित करने को लेकर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इसके सफल आयोजन के लिए प्रारंभिक रूपरेखा तय की गई। सदस्यों ने कहा कि एक्सपो स्थानीय व्यापार, उद्योग और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ क्षेत्र के व्यावसायिक विकास को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। व्यापारिक गतिविधियों, बाजार की संभावनाओं और व्यावसायिक व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से समझने के उद्देश्य से दिसंबर में खगड़िया, भागलपुर एवं पूर्णिया का तीन दिवसीय व्यापारिक दौरा करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान संबंधित जिलों के व्यावसायिक संगठनों के साथ बैठक कर व्यापारिक अनुभवों एवं संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए हेमंत कुमार को प्रभारी तथा चंदू मिश्रा और बीरेंद्र जालान को सह-प्रभारी बनाया गया। इस बैठक में चैंबर के उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, संयोजक मनीष कुमार, निवर्तमान अध्यक्ष अंगद सिंह, पूर्व अध्यक्ष बीरेंद्र जालान, रवि कृष्ण लोहिया एवं संजय जायसवाल, अनुपम जायसवाल, हेमंत कुमार, सुधांशु रंजन, चंदू मिश्रा, सुनील कुमार श्रीवास्तव, डॉ. कमलेश कुमार, अरविंद सर्राफ सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। अंत में अरविंद सर्राफ ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इसके पश्चात राष्ट्रगान के साथ बैठक स्थगित करने की घोषणा की गई। उक्त जानकारी मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव -सह- मीडिया प्रभारी आलोक कुमार ने दी।

प्रेम विवाह के बाद वीडियो वायरल, परिजनों पर प्रताड़ना का आरोप

बीएनएम @ बेतिया

पश्चिम चंपारण जिले के नरकटियागंज स्थित शिकारपुर थाना क्षेत्र में प्रेम विवाह का मामला सामने आया है। गांव के ही बाल कुमार से विवाह करने वाली सोनी देवी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में सोनी खुद को बालिग बताते हुए अपनी इच्छा से विवाह करने और पति के साथ खुशहाल जीवन बिताने की बात कह रही है। साथ ही, उसने अपने पिता और चाचा पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए वरीय अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है। सोनी के अनुसार, उसने बीते 12 सितंबर को बेतिया के दुर्गाबाग मंदिर में बाल कुमार के साथ अपनी मर्जी से विवाह किया था। उसका आरोप है कि विवाह के बाद से ही परिजन उसे और उसके पति को परेशान कर रहे हैं तथा पति और सास-ससुर को झूठे मुकदमे में फंसाने की कोशिश की जा रही है। सोनी ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है। वहीं, शिकारपुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि युवती के पिता की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने युवती को बरामद कर लिया है और उसका बयान दर्ज कराने के लिए न्यायालय भेजा जा रहा है। न्यायालय में बयान दर्ज होने के बाद सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसएसबी जवानों ने ली भ्रष्टाचार मुक्त भारत की शपथ

बीएनएम @ बेतिया

बेतिया। भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण और सरकारी कार्यों में ईमानदारी एवं पारदर्शिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 44वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), नरकटियागंज में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कमांडेंट बलवंत सिंह नेगी के नेतृत्व में वाहिनी मुख्यालय सहित सभी सीमा चौकियों पर अधिकारियों और जवानों ने सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता एवं जवाबदेही के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' के संदेश के साथ भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने और कार्यस्थल पर नैतिक मूल्यों को अपनाने पर जोर दिया गया। अधिकारियों एवं जवानों को सरकारी कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने, ईमानदारी से कर्तव्यों का पालन करने और भ्रष्टाचार के विरुद्ध सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन और सशक्त राष्ट्र के निर्माण में प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया। साथ ही, कार्यों में निष्पक्षता, अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यक्रम में उप कमांडेंट ज्ञानेंद्र कुमार, उप कमांडेंट सह प्रचार अधिकारी मो. हसनैन खान, सहायक कमांडेंट (संचार) रियास पी., सहायक कमांडेंट सह चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुंदन जायसवाल, सुधांशु कुमार सहित वाहिनी मुख्यालय के अन्य अधिकारी और जवान उपस्थित रहे। एसएसबी अधिकारियों ने ईमानदारी, अनुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही के मूल्यों को बनाए रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

सिर्फ आर्थिक मोर्चे

संभवतः नरेंद्र मोदी सरकार के नीतिकार इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि तमाम रियायतें देने के बावजूद ट्रंप प्रशासन से न्यूनतम उम्मीदें पूरी करा पाना भी संभव नहीं है। और बात सिर्फ आर्थिक मोर्चे की नहीं है। वित्त मंत्री ने स्वीकार किया है कि भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते की बातचीत 'पठारÓ पर पहुंच गई है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि दोनों पक्ष अब ऐसे बिंदु पर हैं, जहां उनके लिए और रियायतें देना मुश्किल हो रहा है। म्यूनिख सिक्युरिटी कांफ्रेंस जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर उन्होंने कहा कि अमेरिका ने टैरिफ को "हथियार" बना लिया है। इससे पहले अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रियर ने कहा था कि भारत अमेरिका व्यापार समझौते का संपन्न होना तय नहीं है। उन्होंने बताया कि कुछ महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर सहमति अभी नहीं बनी है।

इन बयानों का अर्थ है कि डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन की एकतरफा रियायतों की मांग पर लगातार राजी होने के बाद आखिर ऐसी सीमा आई है, जिसके आगे झुकना भारत सरकार को मुनासिब महसूस नहीं हो रहा है। संभवतः नरेंद्र मोदी सरकार के नीतिकार इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि तमाम रियायतें देने के बावजूद ट्रंप प्रशासन से न्यूनतम उम्मीदें पूरी करा पाना भी संभव नहीं है। और बात सिर्फ आर्थिक मोर्चे की नहीं है। बीते हफ्ते विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था अगर अमेरिका (पाकिस्तान प्रायोजित) आतंकवाद और भारत के सुरक्षा हितों के प्रति उदासीनता दिखाता है या पाकिस्तान से सैन्य जुड़ाव बढ़ाता है, तो इसका असर भारत-अमेरिका संबंधों पर पड़ेगा। उसके बाद खबर आई कि ट्रंप परिवार से जुड़ी अमेरिका की एक डिफेंस स्टार्ट-अप कंपनी ने पाकिस्तानी सेना को ड्रोन और काउंटर- ड्रोन तकनीक की आपूर्ति के लिए समझौता किया है। इसी कंपनी ने मुंबई स्थित एक फर्म के साथ काउंटर- ड्रोन इंटरसेप्टर उत्पादन का अनुबंध कर रखा है। यानी भारत में निर्मित अस्त्र पाकिस्तान के पास पहुंच सकते हैं। इसी पृष्ठभूमि में भारतीय रक्षा रणनीतिकारों ने सवाल उठाया है कि क्या अमेरिका पाकिस्तान को फिर सैन्य समर्थन देने की शुरुआत कर रहा है? दरअसल, अनेक भू-राजनीतिक एवं रणनीतिक मामलों में पाकिस्तान को ट्रंप का साथ मिलता रहा है। इससे भारत में नाराजगी बढ़ी है। फिर भी मोदी सरकार ट्रंप की मिज़ाज-पुर्सी में लगी रही। लेकिन नतीजा शून्य रहा है। बहरहाल, अब भी अगर सरकार रीढ़ दिखाती है, तो देश में उसका स्वागत किया जाएगा।

गरीब के सम्मान से विकसित भारत के संकल्प तक का अभियान

कमलेश साहू

किसी सरकार की योजनाओं का वास्तविक मूल्य केवल बजट के आंकड़ों, स्वीकृतियों और निर्माण कार्यों से नहीं आंका जा सकता। उसकी सबसे सार्थक कसौटी यह है कि उसने सामान्य नागरिक के जीवन में कितना परिवर्तन किया, उसकी चिंता कितनी कम की और उसके सपनों को पूरा करने के लिए कितना मजबूत आधार दिया। जब वर्षों तक कच्चे मकान में रहने वाला कोई परिवार पहली बार अपने पक्के घर की छत के नीचे चैन से सोता है, जब बारिश का मौसम उसके लिए चिंता के बजाय सुकून लेकर आता है और जब एक गरीब परिवार अपने बच्चों के भविष्य को अधिक सुरक्षित महसूस करता है, तब जनकल्याण की योजना अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त करतीहै। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की सार्वजनिक जीवन की यात्रा में गरीब, वंचित और अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के जीवन में बदलाव का विषय लगातार प्रमुख रहा है। स्वयं प्रधानमंत्री ने इस यात्रा का उल्लेख करते हुए लोगों के जीवन को बेहतर बनाने और राष्ट्र की प्रगति में योगदान को अपने प्रयासों का केंद्र बताया है। उनके शासन के 25 वर्षों की इस यात्रा को जनसेवा, जनकल्याण और जन-आकांक्षाओं को शासन के केंद्र में रखने के संदर्भ में देखा जा सकता है। आज जब सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से पूरा देश सेवा के इसी भाव को आगे बढ़ा रहा है, तब प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) जैसे कार्यक्रम इस सोच को धरातल पर समझने का अवसर देते हैं। गरीब के लिए अपना पक्का घर केवल चार दीवारें और छत नहीं होता। वह सुरक्षा है, सम्मान है, स्थायित्व है और अगली पीढ़ी के बेहतर भविष्य की बुनियाद है। छत्तीसगढ़ के शहरों में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित परिवारों के अनुभव इस बदलाव को बहुत सहजता से अभिव्यक्त करते हैं। किसी परिवार के लिए पक्का घर मिलने का अर्थ बरसात में टपकती छत और सीलन से मुक्ति है। किसी के लिए सांप-बिच्छुओं और दूसरे जीव-जंतुओं के भय से निजात है। किसी श्रमिक परिवार के लिए यह सीमित आमदनी के कारण वर्षों से अधूरा पड़ा सपना पूरा होने जैसा है। किसी माता के लिए अपने बच्चों को सुरक्षित घर में बढ़ते हुए देखने का संतोष है। इन परिवारों की भावनाओं में एक बात समान रूप से दिखाई देती है—अपना घर जीवन में सुरक्षा के साथ आत्मविश्वास भी लेकर आया है। यही वह परिवर्तन है जो किसी कल्याणकारी योजना को सरकारी कार्यक्रम से आगे बढ़ाकर सामाजिक बदलाव का माध्यम बनाता है। गरीबी केवल आय की कमी का प्रश्न नहीं है। असुरक्षित आवास, बुनियादी सुविधाओं का अभाव और भविष्य को लेकर अनिश्चितता भी गरीब परिवार के संघर्ष को बढ़ाती है। इसीलिए गरीब कल्याण की अवधारणा को आवास, पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा और अन्य बुनियादी आवश्यकताओं से जोड़कर देखना महत्वपूर्ण है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य इन आवश्यकताओं तक जरूरतमंद परिवारों की पहुंच बढ़ाना रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) इस व्यापक सोच का प्रत्यक्ष उदाहरण है। एक गरीब परिवार जब कच्चे मकान से निकलकर अपने पक्के आवास में प्रवेश करता है तो केवल उसका पता नहीं बदलता, जीवन के प्रति उसका दृष्टिकोण भी बदलता है। मजबूत दीवारें उसे सुरक्षा देती हैं, पक्की छत चिंता कम करती है और अपना घर भविष्य के प्रति भरोसा जगाता है। घर परिवार की सामाजिक गरिमा से भी जुड़ता है। इसीलिए आवास उपलब्ध कराने का प्रयास केवल निर्माण का विषय नहीं, बल्कि सम्मान और अवसर से भी जुड़ा विषय है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचे, यह राज्य शासन की लगातार कोशिश रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार योजनाओं के क्रियान्वयन को जनसरोकारों से जोड़कर आगे बढ़ा रही है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के लिए भी शहरों का विकास केवल बड़ी सड़कें, भवन और अधोसंरचना तैयार करना नहीं है। शहर तभी वास्तव में विकसित होता है, जब वहां रहने वाले गरीब और जरूरतमंद परिवार भी विकास की प्रक्रिया में सहभागी हों और उन्हें सम्मानजनक जीवन के लिए आवश्यक सुविधाएं प्राप्त हों। सेवा संकल्प अभियान का भाव भी इसी दायित्व को और मजबूत करता है—सेवा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शासन और नागरिक के बीच विश्वास का सेतु बने। योजनाएं कागज से निकलकर जरूरतमंद के जीवन तक पहुंचें, पात्र व्यक्ति को अपने अधिकार और अवसर के लिए अनावश्यक कठिनाई न उठानी पड़े तथा शासन की संवेदनशीलता अंतिम व्यक्ति तक अनुभव हो—यही सेवा की सार्थकता है। विकसित भारत का लक्ष्य तभी सार्थक होगा जब विकास का अनुभव देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन में दिखाई दे। किसी गरीब के घर की पक्की छत, किसी परिवार को मिला स्वच्छ पेयजल, किसी जरूरतमंद तक पहुंची स्वास्थ्य सुविधा और किसी युवा को मिला आगे बढऩे का अवसर—विकास की वास्तविक तस्वीर इन्हीं परिवर्तनों से बनती है। छत्तीसगढ़ के हमारे शहरों में जब कोई परिवार वर्षों की प्रतीक्षा के बाद अपने पक्के घर में गृह प्रवेश करता है तो उसके चेहरे की प्रसन्नता बहुत कुछ कहती है। वह प्रसन्नता केवल मकान मिलने की नहीं होती; वह सम्मान, सुरक्षा और भविष्य के प्रति पैदा हुए विश्वास की होती है। जिन परिवारों के लिए कभी बारिश का अर्थ टपकती छत और रातभर की चिंता थी, उनके लिए अब वही मौसम अपने सुरक्षित घर की खिड़की से देखने वाला मौसम बन गया है। यही परिवर्तन जनकल्याणकारी शासन को मानवीय अर्थ देता है। सेवा से संकल्प और संकल्प से सिद्धि की यात्रा का उद्देश्य भी यही होना चाहिए कि शासन की प्रत्येक पहल का अंतिम परिणाम नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव के रूप में दिखाई दे। जब शासन का संकल्प और जनता की आकांक्षा एक दिशा में आगे बढ़ते हैं, तभी विकास आंकड़ों से निकलकर लोगों के जीवन का उत्सव बनता है।

गन्ना मूल्य में छत्तीसगढ़ देश में नंबर वन

धनंजय राठौर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अन्नदाता की खुशहाली ही छत्तीसगढ़ का आधार है। किसानों को उनकी मेहनत का बेहतर प्रतिफल मिले, खेती लाभकारी बने और किसान परिवार आर्थिक रूप से सशक्त हों, इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री साय ने किसानों के हितों को ध्यान में रखकर शक्कर कारखानों के लिए गन्ने की खरीदी 425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से करने का निर्णय लिया है। पेराई सत्र 2025- 26 में की गई खरीदी का भुगतान भी बढ़े हुए दर पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि लागत को कम करने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ सरकार भी किसानों के हितों को अपनी नीतियों और निर्णयों के केंद्र में रखकर आगे बढ़ रही है। किसानों की आवश्यकताओं और समस्याओं के प्रति सरकार संवेदनशील है। किसान हित से जुड़े विषयों पर प्राथमिकता से निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था और ग्रामीण समृद्धि में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। खेती-किसानी मजबूत होगी तो गांव मजबूत होंगे। गांवों की समृद्धि से ही छत्तीसगढ़ की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

गन्ना मूल्य में छत्तीसगढ़ देश में नंबर वन : छत्तीसगढ़ सरकार ने गन्ना किसानों की आय बढ़ाने और गन्ने की खेती को लाभकारी बनाने के लिए गन्ने के खरीदी मूल्य में बड़ी बढ़ोतरी की है। छत्तीसगढ़ सरकार ने गन्ने का खरीदी मूल्य 355 रूपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 425 रूपए प्रति क्विंटल कर दिया है। इस बढ़े हुए मूल्य का लाभ पेराई सत्र 2025-26 के गन्ने पर भी मिलेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य की चार सहकारी चीनी मिलों से जुड़े 31 हजार से अधिक किसानों को लगभग 51.09 करोड़ का बोनस वितरित किया जाएगा। राज्य सरकार ने गन्ना खरीदी दर बढ़ाकर 425 रुपये प्रति क्विंटल कर दी : देश के कुल गन्ना उत्पादन में छत्तीसगढ़ का योगदान भले ही कम है लेकिन गन्ना किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने में राज्य अब नंबर वन हो गया है। राज्य सरकार ने गन्ना खरीदी दर बढ़ाकर 425 रुपये प्रति क्विंटल कर दी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में लिए गए इस फैसले से छत्तीसगढ़ में गन्ने की खरीदी दर उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब जैसे प्रमुख उत्पादक राज्यों की तुलना में अधिक हो गई है। खास बात यह है कि बढ़ी हुई दर पेराई सत्र 2025-26 से ही लागू होगी। इस सत्र में पहले ही गन्ना बेच चुके किसानों को भी बढ़ी हुई दर के अनुसार भुगतान किया जाएगा।

किसानों को प्रति क्विंटल 70 रुपये अधिक मिलेंगेः सरकार के इस फैसले का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने के साथ गन्ने की खेती को अधिक लाभकारी बनाना है।राज्य में पहले गन्ने की खरीदी 355 रुपये प्रति क्विंटल की दर से होती थी। नई दर से किसानों को प्रति क्विंटल 70 रुपये अधिक मिलेंगे। गन्ना मूल्य में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में की गई है, जब खेती की लागत और किसानों की आमदनी के बीच संतुलन बनाना कृषि नीति की प्रमुख चुनौती है।

देश के प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश में अगैती प्रजाति के गन्ने का राज्य परामर्श मूल्य (एसएपी) 400 रुपये प्रति क्विंटल, हरियाणा में 415 रुपये और पंजाब में 416 रुपये प्रति क्विंटल है। जबकि महाराष्ट्र और कर्नाटक में गन्ने का भुगतान केंद्र सरकार के उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी), चीनी की रिकवरी और संबंधित मिलों की व्यवस्था के आधार पर निर्धारित होता है। केंद्र सरकार ने 2026-27 के लिए 10.25 प्रतिशत चीनी रिकवरी पर एफआरपी 365 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है।

किसानों की आय बढ़ाने पर जोरः मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि सरकार का उद्देश्य किसानों को उनकी उपज का उचित और बेहतर मूल्य दिलाना तथा खेती को सम्मानजनक और लाभकारी आजीविका बनाना है। गन्ना खरीदी दर में वृद्धि इसी दिशा में उठाया गया कदम है। प्रति क्विंटल 70 रुपये की बढ़ोतरी से किसानों को उनकी कुल बिक्री के अनुपात में अतिरिक्त आमदनी मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि किसानों को उनकी मेहनत का बेहतर प्रतिफल मिले, खेती लाभकारी बने और हमारे अन्नदाता निरंतर समृद्ध हों-इसी संकल्प के साथ हमारी सरकार आगे बढ़ रही है। नई दर का लाभ कीमतों में बढ़ोतरी से पहले बेचे गए गन्ने पर भी लागू होगी। इससे चालू पेराई सत्र में अपनी उपज की आपूर्ति कर चुके किसानों को भी राहत मिलेगी। यह व्यवस्था मूल्य वृद्धि के लाभ को व्यापक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।गन्ने की खरीदी दर में वृद्धि का असर केवल किसानों की आमदनी तक सीमित नहीं है। बेहतर मूल्य मिलने से आने वाले समय में किसान गन्ने की खेती के रकबे, उत्पादन लागत और संभावित लाभ का नए सिरे से आकलन कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ में हर साल लगभग 18.6 लाख से 20.4 लाख टन गन्ने का उत्पादनः गन्ना उत्पादन में छत्तीसगढ़ का देश में 14 वां स्थान है। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में 4 प्रमुख सहकारी शक्कर कारखाने संचालित हैं, भोरमदेव सहकारी चीनी मिल (कवर्धा), महामाया सहकारी चीनी मिल (सूरजपुर), सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी चीनी मिल (पंडरिया, कबीरधाम) और मां दंतेश्वरी मैय्या सहकारी चीनी मिल (बालोद) है। छत्तीसगढ़ में हर साल लगभग 18.6 लाख से 20.4 लाख टन गन्ने का उत्पादन होता है। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम, सूरजपुर, जगदलपुर, सरगुजा, दुर्ग, बिलासपुर व रायपुर जिलो में गन्ने की खेती बड़े पैमाने पर की जा रही है । सर्वाधिक उत्पादन देने वाले जिलो में कबीरधाम, जगदलपुर एवं सरगुजा जिले आते है।

लेखक संयुक्त संचालक जनसंपर्क, रायपुर हैं।

अमेरिका में गन कल्चर का खूनी चेहरा

कांतिलाल मांडोत

अमेरिका के ओरेगन राज्य के बेंड शहर में प्राथमिक विद्यालय में हुई गोलीबारी ने एक बार फिर पूरी दुनिया को झकझोर दिया है। गुरुवार 15 अक्टूबर 2026 को 16 वर्षीय किशोर की गोलीबारी में पांच, आठ और 11 वर्ष के तीन बच्चों तथा एक शिक्षिका की मौत हो गई। इस घटना में एक अन्य बच्चा और एक शिक्षिका घायल हुए। पुलिस के अनुसार हमलावर की मृत्यु भी घटनास्थल पर हुई। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि इतनी कम उम्र के बच्चों को शिक्षा, संस्कार और सुरक्षित भविष्य देने वाले विद्यालय में ही उनकी जिंदगी छिन गई। जिस उम्र में बच्चों के हाथों में किताबें, खिलौने और रंगीन पेंसिलें होनी चाहिएं, उस उम्र में उन्हें गोलियों के भय का सामना करना पड़ रहा है। यह केवल एक शहर या देश का संकट नहीं, बल्कि आधुनिक समाज की सुरक्षा व्यवस्था और मानवीय संवेदनाओं के सामने खड़ा गंभीर प्रश्न है। अमेरिका विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, चिकित्सा और आर्थिक विकास के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल है। इसके बावजूद विद्यालयों में बार-बार होने वाली गोलीबारी उसकी सामाजिक व्यवस्था के सामने बड़ी चुनौती बनी हुई है। हथियार रखने के अधिकार को लेकर वहां लंबे समय से राजनीतिक और सामाजिक बहस चलती रही है। हथियारों के प्रति आकर्षण, उनका आसानी से उपलब्ध होना, घरेलू स्तर पर असुरक्षित रखरखाव और हिंसा को सामान्य मानने वाली कुछ सांस्कृतिक प्रवृत्तियां इस समस्या को जटिल बनाती हैं। हालांकि अमेरिका के सभी नागरिक हथियारों का समर्थन नहीं करते और बड़ी संख्या में लोग अधिक कठोर सुरक्षा नियमों की मांग भी करते हैं। इसलिए पूरे अमेरिकी समाज को एक ही नजर से देखना उचित नहीं होगा। वास्तविक प्रश्न यह है कि व्यक्तिगत अधिकारों और सार्वजनिक सुरक्षा के बीच ऐसा संतुलन कैसे स्थापित हो, जिससे बच्चों का जीवन सुरक्षित रह सके। पिछले तीन वर्षों की घटनाएं बताती हैं कि विद्यालयों में गोलीबारी की समस्या समाप्त नहीं हुई है। वर्ष 2023 में टेनेसी राज्य के नैशविले स्थित एक ईसाई विद्यालय में 27 मार्च को हुई गोलीबारी में तीन बच्चों और तीन वयस्कों की मौत हुई थी। घटना ने देशभर में विद्यालयों की सुरक्षा और हथियारों पर नियंत्रण को लेकर बहस तेज कर दी थी। इसके बाद भी अलग-अलग शिक्षण संस्थानों में गोलीबारी की घटनाएं सामने आती रहीं। शिक्षा सप्ताह के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 में विद्यालयों की संपत्ति पर ऐसी 38 घटनाएं

दर्ज की गईं, जिनमें लोग घायल हुए या उनकी मौत हुई। इन आंकड़ों में विद्यालय परिसर और घटनाओं की परिभाषा के आधार पर अंतर संभव है। वर्ष 2024 भी चिंताजनक रहा। चार जनवरी को आयोवा के पेरी हाई स्कूल में गोलीबारी हुई, जिसमें एक विद्यार्थी की मौत हुई और कई विद्यार्थी तथा कर्मचारी घायल हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य की बाद में चोटों के कारण मृत्यु हो गई। दिसंबर में विस्कॉन्सिन के मैडिसन स्थित एबंडेंट लाइफ क्रिश्चियन स्कूल में एक किशोर विद्यार्थी ने गोलीबारी की। इस घटना में दो लोगों की मौत हुई और कई अन्य घायल हुए। इन घटनाओं ने फिर यह सवाल खड़ा किया कि विद्यालयों में सुरक्षा के लिए केवल दरवाजे बंद करना और निगरानी बढ़ाना पर्याप्त है या समाज को हिंसा के मूल कारणों पर भी ध्यान देना होगा। शिक्षा सप्ताह के अनुसार, वर्ष 2024 में विद्यालयों में गोलीबारी की 39 घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें लोग घायल हुए या मारे गए। वर्ष 2025 में भी यह सिलसिला नहीं थमा। 27 अगस्त को मिनियापोलिस के एक कैथोलिक विद्यालय से जुड़े गिरजाघर में प्रार्थना के दौरान हुई गोलीबारी में दो बच्चों की मौत हो गई और 17 लोग घायल हुए। घटना के समय वहां बच्चे और अन्य लोग मौजूद थे। इस घटना ने धार्मिक स्थलों तथा विद्यालयों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ाई। शिक्षा सप्ताह के अनुसार, वर्ष 2025 में विद्यालयों में गोलीबारी की 18 ऐसी घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें किसी व्यक्ति की मृत्यु हुई या वह घायल हुआ। यह संख्या पिछले कुछ वर्षों की तुलना में कम थी, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि समस्या समाप्त हो गई। प्रत्येक घटना अनेक परिवारों के जीवन को हमेशा के लिए बदल देती है। अब वर्ष 2026 में ओरेगन की घटना ने एक बार फिर चेतावनी दी है कि सुरक्षा के मौजूदा उपायों की समीक्षा आवश्यक है। समाचारों के अनुसार, हमले में इस्तेमाल की गई बंदूक हमलावर की मां ने खरीदी थी। यह तथ्य हथियारों को घर में सुरक्षित रखने और बच्चों की पहुंच से दूर रखने की जिम्मेदारी को रेखांकित करता है। किसी भी हथियार का स्वामित्व केवल व्यक्तिगत अधिकार का विषय नहीं हो सकता, उसके साथ समाज और परिवार के प्रति जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। यदि हथियार असुरक्षित ढंग से रखे जाते हैं या उन तक नाबालिगों की पहुंच होती है, तो परिणाम अत्यंत गंभीर हो सकते हैं। जांच पूरी होने से पहले हमले के कारणों के बारे में निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा। इस समस्या के समाधान के लिए सबसे पहले हथियारों की खरीद, बिक्री और सुरक्षित रखरखाव से जुड़े नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करना होगा। नाबालिगों की हथियारों तक पहुंच रोकने के लिए परिवारों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। हथियारों की बिक्री से पहले आवश्यक जांच, जोखिम के संकेत मिलने पर समय रहते कार्रवाई और नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध निष्पक्ष कानूनी प्रक्रिया जरूरी है। केवल कानून बना देना पर्याप्त नहीं, उसका पालन सुनिश्चित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सरकारों को इस विषय पर राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर जनसुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के साथ विद्यार्थियों के मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना चाहिए। प्रशिक्षित परामर्शदाता उपलब्ध हों, बच्चों के व्यवहार में गंभीर बदलाव या हिंसा की धमकियों को संवेदनशीलता से लिया जाए और परिवारों तथा विद्यालय प्रशासन के बीच संवाद मजबूत बनाया जाए। विद्यार्थियों को डराने या संदेह के आधार पर दंडित करने के बजाय उनकी समस्याओं को समझने की व्यवस्था विकसित करनी चाहिए। विद्यालयों में आपातकालीन तैयारी, सुरक्षित निकासी और स्थानीय पुलिस तथा चिकित्सा सेवाओं के साथ समन्वय होना चाहिए। अभिभावकों को भी बच्चों के सामने हिंसा का महिमामंडन करने से बचना चाहिए। समाज को यह समझना होगा कि हथियार अपने आप में सुरक्षा की गारंटी नहीं हैं। हथियारों का अनियंत्रित प्रसार भय और जोखिम बढ़ा सकता है। फिल्मों, मनोरंजन और सामाजिक व्यवहार में हिंसा को सामान्य या आकर्षक बनाकर प्रस्तुत करने के प्रभाव पर भी गंभीर चर्चा जरूरी है। बच्चों को संवाद, सहिष्णुता, विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और दूसरे के जीवन के सम्मान का महत्व सिखाना होगा।

मेष राशि : आज आपका दिन बढिया रहने वाला है। कृषकों के लिए दिन बेहतर रहेगा, कृषि कार्यों में प्रगति होगी। दांपत्य जीवन में खुशियों का आगमन होगा। आज आप कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं तो सफलता जरूर मिलेगी। प्रतियोगी क्षेत्र में आपको आगे बढऩे का मौका मिलेगा, इसलिए तैयारी जारी रखें। जमीन-जायदाद से जुड़े काम आज पूरे कर लेंगे, जिससे आपको हार्दिक खुशी होगी।

वृष राशिः आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पिछले कुछ दिनों से स्वास्थ्य से परेशान लोगों को आज काफी राहत मिलेगी। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन की खुशखबरी मिल सकती है। घरवालों के साथ खुशी का वातावरण रहेगा। किसी बात पर अत्यधिक विचार न करें, अन्यथा उलझनें बढ़ सकती हैं। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा और काम में मन लगेगा। पुराना लोन चुकाने की संभावना बन रही है।

मिथुन राशिः आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे, जिससे परिवार के लोग आपकी सराहना करेंगे। दांपत्य जीवन में सुख-सौहार्द बढ़ेगा। राजकीय क्षेत्र के लोगों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर रखें, लोग आपका समर्थन करेंगे। लवमेट के बीच चली आ रही तकरार आज समाप्त होगी और एक-दूसरे को बेहतर समझेंगे। आय वृद्धि के कई स्रोत मिलेंगे।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अच्छा लाभ मिलेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी।

सिंह राशिः आज आपका दिन अच्छा गुजरने वाला है। एम.टेक के छात्र किसी टॉपिक में उलझ सकते हैं, बेहतर होगा कि आप किसी से सलाह ले लें। आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा और कुछ नया करने की उत्सुकता बढ़ेगी। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। मनचाही वस्तु की खरीदारी कर सकते हैं।

कन्या राशिः आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। अनावश्यक विवाद करने से बचें, वरना उलझनें बढ़ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है, जिनसे महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। दांपत्य जीवन का रिश्ता पहले से मजबूत बनेगा और जीवनसाथी से मन की बात शेयर कर सकते हैं।

तुला राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी में बढ़ोतरी होगी, जिससे आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। पारिवारिक सुख-समृद्धि बढ़ेगी। किसी धार्मिक स्थल पर जाने का कार्यक्रम बना सकते हैं, यात्रा में अपनी जरूरत का सामान रखना न भूलें। आपके फैसलों में परिवार का भरपूर सपोर्ट मिलेगा।

वृश्चिक राशिः आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। मनोबल में वृद्धि होगी और कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत सफलता दिलाएगी। व्यापार में आ रही सुस्ती से राहत मिलेगी और बिक्री में बढ़ोतरी होगी। दोस्तों के साथ छोटी-मोटी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। आपके स्वभाव में सकारात्मक बदलाव आएगा।

धनु राशि : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में रुचि लेने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। स्वास्थ्य संबंधी समस्या से राहत मिलेगी। जीवनसाथी को किसी छोटी बात पर डांटने के बजाय विनम्रता से समझाएं, जिससे आपसी समझ बढ़ेगी। पारिवारिक सुख-समृद्धि और स्वजनों से लगाव बढ़ेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत होगा।

मकर राशिः आपका दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। मनपसंद वाहन खरीदने की ओर आपका ध्यान आकर्षित होगा। बेटी का किसी मनचाहे फील्ड में सिलेक्शन होने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन में खुशियों का आगमन होगा। आज जल्दबाजी में काम करने से गलती हो सकती है, इसलिए सतर्कता बरतें। जीवनशैली में अनुकूल परिवर्तन आएगा।

कुंभ राशि :आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। तले-भुने भोजन से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। राजनीति में आपकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। दांपत्य जीवन की अनबन आज समाप्त होगी। बड़ों की बात ध्यान से सुनें और बीच में न काटें। लवमेट आज शाम को शॉपिंग पर जा सकते हैं, मनोरंजन बना रहेगा। व

मीन राशिःआज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। सभी के प्रति स्नेहपूर्वक रहें और समझदारी से काम लें। आज आपके लिए आय के नए मार्ग खुलेंगे। विद्यार्थियों की लेखन कार्य में रुचि बढ़ेगी और वे किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। हार्डवेयर कारोबारियों का काम अच्छा चलेगा। समाज के प्रभावशाली लोगों से जान-पहचान बढ़ेगी। वैवाहिक जीवन की अनबन समाप्त होगी।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

लगातार दो जीत के बाद भी गेंदबाजी से खुश नहीं मॉर्कल, बोले- अब स्तर उठाना होगा

भुवनेश्वर के बचाव में उतरे गेंदबाजी कोच, बोले- बाहरी बातों की परवाह छोड़ अपने खेल पर ध्यान दें

एजेंसी, वेलिंगटन

न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय शृंखला में भारत ने भले ही 2-0 की बढ़त बना ली है, लेकिन भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्ने मॉर्कल गेंदबाजों के प्रदर्शन से पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने माना कि गेंदबाजी के दौरान कुछ फैसले बेहतर हो सकते थे और खिलाड़ियों को अपनी योजनाओं को मैदान पर अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है। मॉर्कल ने साथ ही स्पष्ट किया कि शुरुआती मुकाबलों में यात्रा और थकान को देखते हुए खिलाड़ियों को कुछ छूट दी गई थी, लेकिन अब प्रदर्शन का स्तर सुधारना होगा। भारत ने पहले टी20 मुकाबले में 226 रन का लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की थी, जबकि दूसरे मैच में 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम दो गेंदों में से एक पर जीत हासिल की। इन दोनों मुकाबलों में भारतीय बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन गेंदबाजों को रन रोकने के लिए संघर्ष करना पड़ा। मॉर्कल ने सोमवार को 27 अक्टूबर को होने वाले तीसरे टी 20 मैच से पहले आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "पिछले मुकाबले के मैदान पर सामान्य स्कोर लगभग 180 से 190 रन के बीच माना जा सकता था। पहले मैच में गेंदबाजी के कुछ चरणों में टीम का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। कुछ मौकों पर गेंदबाजों ने सही विकल्प नहीं चुने। हालांकि खिलाड़ियों को अपने फैसलों पर भरोसा करने देना भी जरूरी है, ताकि बाद में उनके प्रदर्शन की समीक्षा कर सुधार किया जा सके।"

उन्होंने कहा, "हम खिलाड़ियों को अपनी समझ पर भरोसा करने और फैसले लेने की छूट देते हैं। इसके बाद हम उन फैसलों पर बातचीत कर सकते हैं। हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि मैदानकर्मियों ने बहुत अच्छी पिच तैयार की है। अगर दोनों टीमें 200 से अधिक रन बनाती हैं, तो यह अच्छी पिच का संकेत है।"

पडिक्कल की 199 रन की पारी से भारत ए की दमदार वापसी

साई सुदर्शन के 91 और वॉशिंगटन सुंदर के नाबाद 51 रन से भारत ए को 284 रन की बढ़त

एजेंसी, लिंकन

देवदत्त पडिक्कल के शानदार 199 रन की बदौलत भारत ए ने न्यूजीलैंड ए के खिलाफ पहले अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन मुकाबले पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। पडिक्कल दोहरे शतक से केवल एक रन दूर रह गए। उनके शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ए ने दूसरी पारी में आठ विकेट पर 488 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढ़त 284 रन हो गई है। दिन का खेल समाप्त होने तक वॉशिंगटन सुंदर 51 रन बनाकर नाबाद थे। भारत ए ने पहली पारी में 113 रन बनाए थे, जिसके जवाब में न्यूजीलैंड ए ने 317 रन बनाकर 204 रन की बढ़त हासिल की थी। अब भारत ए ने दूसरी पारी में दमदार वापसी करते हुए मेजबान टीम के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखने की स्थिति बना ली है।

पडिक्कल और साई सुदर्शन की शानदार साझेदारी तीसरे दिन पडिक्कल 56 और साई सुदर्शन 39 रन से आगे खेलने उतरे। दोनों ने संभलकर बल्लेबाजी करने के साथ तेजी से रन भी बनाए। सुदर्शन ने अपना अर्धशतक पूरा किया, जबकि पडिक्कल ने आक्रामक अंदाज में रन जुटाए। उन्होंने जेडन लेनॉक्स की गेंद पर छक्का लगाकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना 12वां शतक पूरा किया। दोनों बल्लेबाजों ने दूसरे विकेट के लिए 200 से अधिक रन की साझेदारी कर भारत ए को पहली पारी की बढ़त से उबारा और मैच में मजबूत स्थिति में पहुंचाया। हालांकि, न्यूजीलैंड ए ने शॉर्ट गेंदों का इस्तेमाल कर वापसी की कोशिश की। सुदर्शन 91 रन बनाकर स्क्वायर लेग के पीछे तैनात क्षेत्ररक्षक को कैच दे बैठे। लंच के बाद कप्तान ध्रुव जुरेल भी दो रन बनाकर आउट हो गए। इसके बावजूद पडिक्कल ने एक छोर संभाले रखा और यश राठौड़ के साथ तेजी से रन बनाए। पडिक्कल ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखते हुए 150 रन का आंकड़ा पार किया। दूसरी ओर, राठौड़ ने क्रिस्टियन क्लार्क के एक ओवर में दो चौके और एक छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 54 गेंदों में 50 रन बनाए। हालांकि, पडिक्कल की पारी का अंत विवादास्पद तरीके से हुआ। वह 199 रन के निजी स्कोर पर लेग साइड में विकेट के पीछे कैच आउट दिए गए। उन्होंने अंपायर की ओर इशारा करते हुए गेंद और बल्ले के बीच अंतर होने की बात जताई।

एमबाप्पे के दो गोल से रियल मैड्रिड ने बार्सिलोना को 2-1 से हराया

एजेंसी, बार्सिलोना



किलियन एमबाप्पे के दो गोल की मदद से रियल मैड्रिड ने रविवार को एल क्लासिको मुकाबले में बार्सिलोना को 2-1 से हरा दिया। इस जीत के साथ रियल मैड्रिड ने ला लीगा की अंकतालिका में शीर्ष पर काबिज बार्सिलोना से अपना अंतर घटाकर तीन अंक कर लिया।

बार्सिलोना के घरेलू मैदान कैंप नोउ में खेले गए मुकाबले में एमबाप्पे ने मध्यांतर से पहले गोल कर रियल मैड्रिड को बढ़त दिलाई। इसके बाद राफिन्हा ने गोल कर बार्सिलोना को बराबरी पर ला दिया। हालांकि, एमबाप्पे ने मुकाबले के अंतिम चरण में एक और गोल दागकर रियल मैड्रिड की जीत सुनिश्चित कर दी। इस हार के साथ बार्सिलोना को मौजूदा सत्र में घरेलू प्रतियोगिताओं में पहली हार का सामना करना पड़ा। बार्सिलोना को इससे पहले मंगलवार को चैंपियंस लीग में पेरिस सेंट-जर्मेन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इस तरह टीम को लगातार दूसरी हार मिली। जर्मन कोच हांसी फ्लिक के नेतृत्व में बार्सिलोना ने इससे पहले लीग के अपने शुरुआती नौ मुकाबले जीते थे, लेकिन पिछले एक सप्ताह में टीम का प्रदर्शन लड़खड़ा गया। फ्लिक के आने के बाद पिछले सात एल क्लासिको मुकाबलों में से छह में बार्सिलोना ने जीत दर्ज की थी। हालांकि, इस बार जोस मोरिन्हो के मार्गदर्शन में खेल रही रियल मैड्रिड की टीम के सामने उसे संघर्ष करना पड़ा।

41वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मप्र की दीपिका ने जीता स्वर्ण, प्रशांत ने दिलाया रजत पदक

एजेंसी, भोपाल । तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 23 से 27 अक्टूबर 2026 तक आयोजित 41वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता के तीसरे दिन रविवार को बालक अंडर-20 वर्ग की 5000 मीटर रेस वॉक में प्रशांत कुमार ने रजत पदक जीता, जबकि बालिका अंडर-20 वर्ग की 3000 मीटर दौड़ में दीपिका शर्मा ने स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता के तीसरे दिन रविवार शाम के सत्र में आयोजित बालिका अंडर-20 वर्ग की 3000 मीटर दौड़ में मध्य प्रदेश एथलेटिक्स अकादमी की खिलाड़ी दीपिका शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 9 मिनट 52.58 सेकंड का समय निकालकर यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले रविवार की प्रतियोगिता में आयोजित बालक अंडर-20 वर्ग की 5000 मीटर रेस वॉक स्पर्धा में मध्यप्रदेश एथलेटिक्स अकादमी के खिलाड़ी प्रशांत कुमार ने रजत पदक अपने नाम किया। उन्होंने 19 मिनट 55.56 सेकंड का समय दर्ज करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

किमी एंटोनेली ने जीती अमेरिकी ग्रां प्री, विश्व चैंपियनशिप खिताब से बस दो अंक दूर

एजेंसी, ऑस्टिन

मर्सिडीज के युवा इतालवी ड्राइवर किमी एंटोनेली ने रविवार को अमेरिकी ग्रां प्री जीतकर फॉर्मूला वन विश्व चैंपियनशिप का खिताब जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाया। 20 वर्षीय एंटोनेली अगले सप्ताह मेक्सिको में खिताब अपने नाम कर सकते हैं। वह फॉर्मूला वन के इतिहास में सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनने की दहलीज पर हैं। अमेरिका के ऑस्टिन स्थित सर्किट ऑफ द अमेरिकाज में एंटोनेली ने पोल पोजिशन से शुरुआत की और एक बार पिट स्टॉप की रणनीति के साथ शानदार जीत दर्ज की। यह इस सत्र में उनकी नौवीं जीत रही। उन्होंने फेरारी के चार्ल्स लेक्लेर को 13.078 सेकंड से पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि रेड बुल के मैक्स वेरस्टैपेन तीसरे स्थान पर रहे। अमेरिकी ग्रां प्री के बाद एंटोनेली के कुल अंक अपने मर्सिडीज साथी जॉर्ज रसेल से 123 और फेरारी के लुईस हैमिल्टन से 124 अधिक हो गए हैं। अब सत्र में अधिकतम 125 अंक ही उपलब्ध हैं। मेक्सिको ग्रां प्री के बाद यह संख्या घटकर 100 रह जाएगी। एंटोनेली को मेक्सिको सिटी में नौवां स्थान हासिल करने पर दो अंक मिलेंगे, जो उन्हें खिताब पक्का करने के लिए पर्याप्त होंगे। इस तरह वह अगले सप्ताह ही विश्व चैंपियन बन सकते हैं। जीत के बाद एंटोनेली ने कहा कि यह टीम के लिए जरूरी नतीजा था और पूरी टीम इसकी हकदार है।

बिजनेस

हुंडई ने 2027 में क्रेटा और नई बेयोन मॉडल की सालाना 2.5 लाख कारें बेचने का लक्ष्य

एजेंसी, नई दिल्ली

दक्षिण कोरियाई वाहन निर्माता कंपनी हुंडई मोटर इंडिया (एचएमआईएल) ने मिड-साइज एसयूवी सेगमेंट में अपना दबदबा बनाए रखने के लिए अपनी लोकप्रिय क्रेटा और नई लॉन्च बेयोन एसयूवी कारों की सालाना 2.5 लाख से अधिक इकाइयां बेचने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तरुण गर्ग ने सोमवार को नई बेयोन की लॉन्चिंग के दौरान कहा कि हुंडई मोटर इंडिया का लक्ष्य 2027 में अपनी क्रेटा और नई बेयोन की कम से कम 2.50 लाख इकाइयां बेचने का है। तरुण गर्ग ने कहा कि इस बिक्री के साथ हम मध्यम आकार के एसयूवी खंड में अपना नेतृत्व स्पष्ट रूप से बनाए रख सकते हैं। उन्होंने बताया कि 2.50 लाख इकाइयां कोई सीमा नहीं, बल्कि शुरुआती आधार है। हम आगे भी वृद्धि जारी रखेंगे। गर्ग ने इसके साथ ही एक ही श्रेणी में कई मॉडल रखने के बारे में पूछे जाने पर इसकी एक वजह बाजार में डीजल मॉडल की सीमित आपूर्ति को बताया। उन्होंने कहा कि क्रेटा के डीजल संस्करण के लिए एक महीने से भी अधिक की प्रतीक्षा अवधि है। नई बेयोन में केवल पेट्रोल और सीएनजी पावरट्रेन विकल्प होंगे। उन्होंने कहा कि कंपनी की डीजल या इलेक्ट्रिक संस्करण पेश करने की कोई योजना नहीं है। गर्ग ने कहा कि हम अपने बाजार अनुसंधान के आधार पर दृढ़ता से मानते हैं कि इस खंड में सबसे अधिक बिक्री पेट्रोल वाहनों की होगी। कंपनी के मुताबिक हुंडई इंडिया लिमिटेड के पास पहले इस खंड में केवल क्रेटा थी। इसके मुकाबले मारुति सुजुकी के पास तीन मॉडल- ग्रैंड विटारा, विक्टोरिस तथा अर्टिगा हैं, जबकि टाटा मोटर्स के पास दो मॉडल कर्व तथा सिएरा हैं। कंपनी ने कहा कि नवाचार की राह पर एक रोमांचक पड़ाव आ गया है। पेश है हुंडई बेयोन, जहा प्रगति के प्रति जुनून और बेहतरीन इंजीनियरिंग का मेल होता है। कंपनी ने कहा कि यह तकनीक, आराम, सुरक्षा और परफॉरमेंस का एक अनोखा संगम है। यह अब शोरूम में उपलब्ध है। नई बेयोन की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 9.99 लाख रुपये है। हुंडई के उत्पाद खंड में इसे 4 मीटर से कम लंबाई वाली कॉम्पैक्ट एसयूवी वेन्यू और मध्यम आकार की एसयूवी क्रेटा के बीच रखा गया है। कंपनी इस खंड में दूसरा मॉडल जोड़कर अपनी मौजूदगी बढ़ाना चाहती है, जबकि हाल में क्रेटा की बिक्री पर दबाव आया है। कंपनी के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में क्रेटा की बिक्री सालाना आधार पर नौ फीसदी से अधिक घटकर 89,727 इकाई रह गई, जबकि उद्योग में इस खंड की बिक्री 50 फीसदी से अधिक बढ़ी। उद्योग निकाय सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरर्स (सियाम) के आंकड़ों के अनुसार मध्यम आकार के यूटिलीटी वाहन खंड में एसयूवी और एमपीवी समेत 4-4.4 मीटर लंबाई वाले वाहनों की बिक्री गत वित्त वर्ष में करीब नौ लाख इकाई रही थी। हुंडई मोटर्स ने पिछले दो वित्त वर्षों में इस खंड में केवल क्रेटा के दम पर सालाना करीब दो लाख इकाइयां बेचीं। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी की कुल घरेलू बिक्री में इस खंड की हिस्सेदारी करीब 35 फीसदी रही।

सर्राफा बाजार में सांकेतिक गिरावट, सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक

एजेंसी, नई दिल्ली

सप्ताह के पहले दिन घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सांकेतिक गिरावट का रुख नजर आ रहा है। कीमत में हुए इस बदलाव के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,42,570 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,42,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,30,690 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,30,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,19,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,42,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,30,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,42,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,30,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

अपने आईपीओ के साथ प्राइमरी मार्केट में कल उतरेगी विस्कॉन इंडस्ट्रीज, तीन नवंबर को हो सकती है शेयर की लिस्टिंग

एजेंसी, नई दिल्ली

अपने फ्लैगशिप ब्रांड विस्कॉन के तहत एलईडी टीवी, एयर कूलर, वाशिंग मशीन और एयर कंडीशनर जैसे कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स का कारोबार तथा ऑफलाइन डीलर नेटवर्क व अपने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिये देश भर के बी2बी और बी2सी ग्राहकों को थर्ड-पार्टी इलेक्ट्रिक स्कूटर उपलब्ध कराने वाली दिल्ली की कंपनी विस्कॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड का 110 करोड़ रुपये का आईपीओ कल सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च किया जाएगा। इस आईपीओ में निवेशक 29 अक्टूबर तक बोली लगा सकते हैं। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 30 अक्टूबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 2 नवंबर को अलॉटेड शेयर सफल निवेशकों के डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। इसी दिन जिन निवेशकों को शेयर का अलॉटमेंट नहीं हुआ होगा, उनके लिए रिफंड की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। कंपनी के शेयर 3 नवंबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 194 रुपये से लेकर 204 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 600 शेयरों का है। रिटेल इन्वेस्टर इस इश्यू में कम से कम 2 लॉट यानी 1,200 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 2,44,800 रुपये का निवेश करना होगा। इसके अलावा स्मॉल एचएनआई इन्वेस्टर कम से कम 3 लॉट यानी 1,800 शेयरों के लिए 3,67,200 रुपये तक की बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 53,92,200 शेयर जारी किए जा रहे हैं। इसके तहत 88.01 करोड़ रुपये मूल्य के 43,14,000 नए शेयर जारी किए जा रहे हैं, जबकि कंपनी के प्रमोटर सिद्धांत डालमिया द्वारा 22 करोड़ रुपये मूल्य के 10,78,200 शेयरों की बिक्री ऑफर फॉर सेल के जरिए की जा रही है। आईपीओ में ओएफएस के जरिये जुटाई गई पूरी रकम बेचने वाले प्रमोटर सिद्धांत डालमिया के पास जाएगी। इस आईपीओ में मार्केट मेकर श्रेणी के लिए 3,90,000 शेयर (फर्म रिजर्वेशन) अलग रखने के बाद नेट ऑफर में से क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 49.01 प्रतिशत हिस्सा आवंटित किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 35.55 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 15.44 प्रतिशत हिस्सा आवंटित किया गया है। इस पूरे इश्यू के लिए स्मार्ट होराइजन कैपिटल एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि मां शीतला सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही श्रेणी शेयर्स लिमिटेड कंपनी के मार्केट मेकर के रूप में काम करेगी। इस आईपीओ के तहत नए शेयरों की बिक्री से जुटाई गई राशि में से 15.04 करोड़ रुपये का निवेश कंपनी अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी डब्ल्यूओएस डालमिया टेक्नोलॉजीज लिमिटेड में करेगी, ताकि वहां प्लांट और मशीनरी की खरीद के लिए कैपिटल एक्सपेंडिचर किया जा सके। इसके अलावा 35 करोड़ रुपये सहायक कंपनी की वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने, 17 करोड़ रुपये स्वयं कंपनी की खुद की वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने, 5.23 करोड़ रुपये मार्केटिंग और प्रमोशनल एक्टिविटीज के लिए और शेष राशि सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों व आईपीओ के लिए हुए खर्चों की भरपाई करने के लिए उपयोग की जाएगी।

कल लॉन्च होगा बीएलएस पॉलीमर्स का आईपीओ, 29 तक लगा सकेंगे बोली

एजेंसी, नई दिल्ली

वायर, केबल और अंडरग्राउंड पाइपलाइनों में इस्तेमाल होने वाले विशेष पॉलीमर कंपाउंड का निर्माण करने और बिजली, दूरसंचार, रेलवे जैसे उद्योगों को एचडीपीई, एमडीपीई, एलएलडीपीई, एक्सएलपीई, पीवीसी, एचएफएफआर सहित केबल फिलिंग व एडहेसिव कोटिंग कंपाउंड की आपूर्ति करने वाली कंपनी बीएलएस पॉलीमर्स लिमिटेड का 255 करोड़ रुपये का आईपीओ कल सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च किया जाएगा। इस आईपीओ में निवेशक 29 अक्टूबर तक बोली लगा सकते हैं। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 30 अक्टूबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 2 नवंबर को अलॉटेड शेयर सफल निवेशकों के डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। इसी दिन जिन निवेशकों को शेयर का अलॉटमेंट नहीं हुआ होगा, उनके लिए रिफंड की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। कंपनी के शेयर 3 नवंबर को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 142 रुपये से लेकर 150 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 100 शेयरों का है। रिटेल इंवेस्टर्स इस इश्यू में कम से कम एक लॉट यानी 100 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 15,000 रुपये का निवेश करना होगा। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट में 1,300 शेयर के लिए 1,95,000 रुपये तक की बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 1.70 करोड़ नए शेयर जारी किए जा रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए अधिकतम 50 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए न्यूनतम 35 प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए कम से कम 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है।

सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च हुआ ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स का आईपीओ, 2 नवंबर को हो सकती है लिस्टिंग

एजेंसी, नई दिल्ली । रियल एसेट्स और प्राइवेट क्रेडिट मार्केट्स पर केंद्रित अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म के रूप में फंड मैनेज करने और वैश्विक व घरेलू संस्थागत निवेशकों, एचएनआई और फैमिली ऑफिसों को इनवेस्टमेंट सॉल्यूशन देने वाली कंपनी ईएएए इंडिया अल्टरनेटिव्स लिमिटेड का 1,200 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में निवेशक 28 अक्टूबर तक बोली लगा सकते हैं। कंपनी ने आईपीओ लॉन्च होने से पहले 23 अक्टूबर को एंकर निवेशकों से 360 करोड़ रुपये जुटाए थे। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 29 अक्टूबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 30 अक्टूबर को अलॉटेड शेयर सफल निवेशकों के डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। इसी दिन जिन निवेशकों को शेयर का अलॉटमेंट नहीं हुआ होगा, उनके लिए रिफंड की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। कंपनी के शेयर 2 नवंबर को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 1,585 रुपये से लेकर 1,665 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 9 शेयरों का है।

सब्सक्रिप्शन के लिए कल खुलेगा एसएफसी एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजीज का आईपीओ, 29 अक्टूबर तक निवेशक लगा सकेंगे बोली

एजेंसी, नई दिल्ली

वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट (अपशिष्ट जल उपचार), वाटर रीसाइक्लिंग एंड रीयूज (जल पुनर्चक्रण व पुनरुपयोग) और सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) के लिए तकनीकी डिजाइन, इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई, इंस्टॉलेशन और कमिशनिंग सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली इनवायरनमेंट टेक्नोलॉजी सेक्टर की कंपनी एसएफसी एनवायरनमेंटल टेक्नोलॉजीज लिमिटेड का 667.53 करोड़ रुपये का आईपीओ कल सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च किया जाएगा। इस आईपीओ में निवेशक 29 अक्टूबर तक बोली लगा सकते हैं। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 30 अक्टूबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 2 नवंबर को अलॉटेड शेयर सफल निवेशकों के डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। इसी दिन जिन निवेशकों को शेयर का अलॉटमेंट नहीं हुआ होगा, उनके लिए रिफंड की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। कंपनी के शेयर 3 नवंबर को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 313 रुपये से लेकर 330 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 45 शेयरों का है। रिटेल इंवेस्टर्स इस इश्यू में कम से कम एक लॉट यानी 45 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,850 रुपये का निवेश करना होगा। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट में 585 शेयर के लिए 1,93,050 रुपये तक की बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के तहत 2 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 2,02,28,204 शेयर जारी किए जा रहे हैं। यह इश्यू के तहत लगभग 150 करोड़ रुपये मूल्य के 45,45,454 नए शेयर जारी किए जा रहे हैं, जबकि प्रमोटरों और अन्य शेयरहोल्डर्स द्वारा 517.53 करोड़ रुपये मूल्य के 1,56,82,750 शेयरों की बिक्री ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिए की जा रही है।

शिल्पा शेट्टी और अभिजीत सावंत का रियूनियन

‘इंडियन आइडल’ के 22 साल बाद फिर नजर आई वही पुरानी मुस्कान

भारतीय टेलीविजन इतिहास के सबसे लोकप्रिय और ऐतिहासिक सिंगिंग रियलिटी शो ‘इंडियन आइडल’ के पहले सीजन ने संगीत की दुनिया को कई बेहतरीन सितारे दिए थे। उस दौर की यादें आज भी संगीत प्रेमियों और दर्शकों के दिलों में पूरी तरह से ताजा हैं। हाल ही में रियलिटी शो ‘इंडियन आइडल लेजेंड्स रिटर्न’ के सेट पर एक ऐसा ही बेहद खास, भावुक और खुशनुमा नजारा देखने को मिला, जब बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और ‘इंडियन आइडल’ सीजन-1 के विजेता अभिजीत सावंत लगभग दो दशक बाद एक बार फिर आमने-सामने आए। शो के मंच पर जैसे ही शिल्पा शेट्टी और अभिजीत सावंत का आमना-सामना हुआ, माहौल पुरानी सुनहरी यादों और आत्मीयता से भर गया। लगभग 22 सालों के लंबे अंतराल के बाद हुई इस मुलाकात के दौरान अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने अभिजीत सावंत की जमकर सराहना की और उनके प्रति अपनी पुरानी गर्मजोशी जाहिर की। उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि इतने साल बीत जाने के बाद भी अभिजीत सावंत की वह मासूम और दिलकश मुस्कान आज भी वैसी ही बरकरार है, जैसी पहले सीजन के दौरान हुआ करती थी। इस दौरान शो के सेट पर ‘इंडियन आइडल’ के पहले सीजन का एक बेहद ही चर्चित और पुराना वीडियो क्लिप भी दिखाया गया। उस ऐतिहासिक वीडियो में शिल्पा शेट्टी, युवा अभिजीत सावंत की तारीफ करते हुए उनसे कहती नजर आ रही थीं,

‘‘मुझे आपकी स्माइल बहुत ज्यादा पसंद है। यह चेहरे पर एक अजीब सा सुकून देने वाली मुस्कान है।’’ उस पुराने पल को स्क्रीन पर दोबारा देखकर सेट पर मौजूद सभी लोग भावुक हो गए और माहौल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अपनी पुरानी यादों के इस सफर पर बात करते हुए गायक अभिजीत सावंत ने भी अपनी जिंदगी के उस सबसे खूबसूरत मोड़ को याद किया। उन्होंने बताया कि ‘इंडियन आइडल’ का पहला सीजन जीतने के बाद उनकी जिंदगी रातों-रात पूरी तरह बदल गई थी। उस वक्त न केवल उनकी गायकी की चर्चा चारों तरफ होती थी, बल्कि हर कोई उनकी सादगी और मुस्कान की भी खूब तारीफ किया करता था। अभिजीत ने कहा कि शिल्पा शेट्टी जैसे बड़े सितारों से मिली सराहना ने उनके आत्मविश्वास को उस दौर में एक नई ऊंचाई दी थी, जिसने उनके आगे के संगीत करियर में बहुत बड़ा योगदान दिया। दो दशकों से भी अधिक समय के लंबे अंतर के बाद अभिजीत से दोबारा मिलते हुए शिल्पा शेट्टी ने मुस्कुराते हुए कहा, ‘‘22 साल का लंबा समय बीत चुका है, लेकिन आपकी स्माइल आज भी उतनी ही खूबसूरत और अच्छी है।’’ शिल्पा शेट्टी की यह बात सुनकर अभिजीत सावंत काफी खुश नजर आए और उन्होंने अभिनेत्री का तहे दिल से धन्यवाद व्यक्त किया। ‘इंडियन आइडल लेजेंड्स रिटर्न’ के सेट पर घटी यह घटना सिर्फ दो कलाकारों का मिलन नहीं थी, बल्कि यह भारतीय टेलीविजन के उस दौर का जश्न थी जिसने आम घर के हुनर को राष्ट्रीय पहचान दिलाई। शिल्पा शेट्टी और अभिजीत सावंत का यह पुनर्मिलन सोशल मीडिया पर भी जमकर चर्चा बटोर रहा है। फैंस इस खास पल की जमकर तारीफ कर रहे हैं और कह रहे हैं कि सच्चा हुनर और सादगी समय के साथ कभी फीकी नहीं पड़ती।

सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर दस्तक देगी रामायण

नितेश तिवारी निर्देशित ऐतिहासिक फिल्म रामायण का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रणबीर कपूर अभिनीत इस भव्य फिल्म को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। बताया जा रहा है कि सिनेमाघरों में ग्रैंड रिलीज के बाद फिल्म रामायण दर्शकों के लिविंग रूम तक पहुंचेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्राइम फोकस स्टूडियोज और जियोहॉटस्टार के बीच एक बड़ी साझेदारी हुई है, जिसके तहत रामायण थिएटर के बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम की जाएगी। हालांकि, दर्शकों को यह फिल्म सामान्य सब्सक्रिप्शन प्लान में नहीं मिलेगी, बल्कि इसे देखने के लिए पे-पर-व्यू ऑप्शन के जरिए अलग से पैसे देकर एक्सेस खरीदना पड़ेगा। यानी, दर्शक घर बैठे ही ऑन-डिमांड पैसे चुकाकर इस महाकाव्य का आनंद ले पाएंगे। फिल्म रामायण 5 नवंबर 2026 को दिवाली के खास मौके पर दुनिया भर में रिलीज की जाएगी। इसे बहुत बड़े लेवल पर आईमैक्स 3डी में पेश किया जाएगा। यह दो पार्ट्स में बनने वाली लाइव एक्शन फिल्म सीरीज है, जिसकी कहानी श्रीधर राघवन ने वाल्मीकि रामायण से ली है। इस प्रोजेक्ट को प्राइम फोकस स्टूडियोज, आठ बार ऑस्कर जीत चुकी वीएफएक्स कंपनी डीएनईजी और एक्टर यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म में रणबीर कपूर लीड रोल में नजर आएंगे। जियोस्टार की चेयरपर्सन नीता अंबानी ने इस पार्टनरशिप पर अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि रामायण हमारी संस्कृति का सबसे बड़ा खजाना है और इसने सदियों से हमारी पीढ़ी को गाइड किया है। जियोहॉटस्टार का विजन टेक्नोलॉजी के जरिए भारत की सबसे बेहतरीन कहानियों को हर घर तक पहुंचाना है। उन्होंने आगे कहा कि इस ग्रैंड विजन वाली फिल्म को देश के हर परिवार और नई पीढ़ी तक पहुंचाना हमारे लिए गर्व की बात है। फिल्म के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने डिजिटल रिलीज का कारण बताते हुए कहा कि वे चाहते हैं कि लोग इस फिल्म को आईमैक्स 3डी के सबसे बड़े पर्दे पर देखें, लेकिन हमारे देश में हर जगह बड़े सिनेमाघर मौजूद नहीं हैं। मल्होत्रा ने कहा कि रामायण हर भारतीय की फिल्म है और इसकी पहुंच हर घर तक होनी चाहिए। उन्होंने जियोहॉटस्टार को थिएटर के बाद लोगों के लिविंग रूम तक पहुंचाने के लिए एकदम परफेक्ट पार्टनर बताया, क्योंकि जियोहॉटस्टार ने पहले भी स्पोर्ट्स और एंटरटेनमेंट के जरिए पूरे देश को जोड़ा है।



आसिफ खान की पत्नी ने उठाए सवाल

अभिनेता और बिग बॉस 20 के प्रतियोगी आसिफ खान की पत्नी ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी दी। यह पोस्ट उस हालिया विवाद के बाद आया है, जिसमें सह-प्रतियोगी काजी तौकीर ने बहस के दौरान आसिफ के हार्ट अटैक की नकल की थी। आसिफ खान की पत्नी ने लिखा, हां, आसिफ को हार्ट अटैक आया था, सिर्फ 34 साल की उम्र में। यह सोचकर मेरा दिल टूट जाता है कि अब मुझे उनके मेडिकल रिपोर्ट सार्वजनिक करने पड़ रहे हैं, ताकि यह साबित किया जा सके कि उन्होंने जो कुछ झेला, वह सच था। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब आसिफ ने शुरुआत में कहा था कि उन्हें हार्ट अटैक नहीं, बल्कि जीईआरडी हुआ था, तो इसके पीछे डर था। उन्हें चिंता थी कि अगर लोगों को उनकी गंभीर स्वास्थ्य समस्या के बारे में पता चला तो इसका असर उनके काम पर पड़ सकता है। उन्होंने लिखा, एक ऐसे उद्योग में, जहां अवसर अनिश्चित होते हैं, यह डर बिल्कुल वास्तविक था।

स्कॉटलैंड में करण ने शुरू की शूटिंग

अभिनेता करण टैकर ने स्कॉटलैंड में अपने एक नए प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू कर दी है, जिसकी पहली झलक उन्होंने सोशल मीडिया पर साझा कर फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है। शूट के पहले दिन की बिहाइंड द सीन्स तस्वीर पोस्ट करते हुए करण ने लिखा, एक नया प्रोजेक्ट, एक नया चैप्टर और एक बड़ा रिस्क। अभी ज्यादा कुछ नहीं बता सकता, लेकिन कभी-कभी सबसे बड़े रिस्क ही सबसे रोमांचक सफर की शुरुआत करते हैं। अभी और भी बहुत कुछ आने वाला है। इस पोस्ट में शूटिंग के शुरुआती दिनों की झलक देखने को मिली, हालांकि उन्होंने प्रोजेक्ट से जुड़ी डिटेल्स को अभी गोपनीय रखा है। करण के कैप्शन से यह साफ है कि वह इस नई शुरुआत को लेकर काफी उत्साहित हैं। स्कॉटलैंड में कैमरा रोल होने के साथ ही फैंस को इंतजार है कि इस बार करण क्या नया लेकर आने वाले हैं। उनका लुक भी काफी बदला-बदला नजर आ रहा है; बढ़े हुए बाल और घनी दाढ़ी के साथ उनका रफ-टफ अंदाज चर्चा में है।

दलेर पर लगे आरोपों पर भड़कीं कुनिका

अभिनेत्री कुनिका सदानंद हाल ही में मुंबई में आयोजित पीटीसी पंजाबी फिल्म पुरस्कारों में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने पंजाबी सिंगर दलेर मेहंदी के साथ हुए व्यवहार और कॉन्सर्ट में उन पर शराब पीकर गाने के आरोप को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पंजाब फिल्म इंडस्ट्री बहुत महत्वपूर्ण उद्योग है, जिसमें बेहतरीन कहानियों और दिलचस्प विषयों पर फिल्में बनती हैं। उन्होंने पंजाब इंडस्ट्री को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। दलेर मेहंदी के साथ हुए कथित दुर्व्यवहार पर कुनिका सदानंद ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ज्यादातर नेताओं के पास सभ्यता नहीं है। उन्होंने कहा कि कॉन्सर्ट के दौरान दलेर मेहंदी के साथ जिस अभद्र तरीके से बात की गई, वह अनुचित था। उन्होंने कहा कि दलेर मेहंदी का जो करियर और पहचान है, वह इन नेताओं के पास उनकी नाखून के बराबर भी नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि हो सकता है कि दलेर मेहंदी की तबीयत खराब हो या उम्र हो गई हो, लेकिन किसी को बेइज्जत करने का कोई अधिकार नहीं है।



ऋतिक ने आनंद कुमार की तारीफ की

अभिनेता ऋतिक रोशन ने भारत के सबसे प्रभावशाली शिक्षकों में से एक आनंद कुमार के सुपर इनफिनिटी मिशन को अपना पूरा समर्थन दिया है। यह मिशन सुपर 30 के माध्यम से 30 जरूरतमंद छात्रों की जिंदगी बदलने के बाद, अब यूट्यूब के जरिए लाखों छात्रों तक अपनी पढ़ाई को बेहद आसान और दिलचस्प तरीके से पहुंचाना है। ऋतिक रोशन ने बायोग्राफिकल फिल्म सुपर 30 में आनंद कुमार का किरदार निभाया था, जिससे उनके बीच एक खास जुड़ाव है। इसी वजह से वे शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना कर रहे हैं। आनंद कुमार को उनकी इस नई पहल के लॉन्च पर शुभकामनाएं देते हुए ऋतिक ने सोशल मीडिया पर संदेश लिखा, शानदार पहल के लिए बधाई, आनंद सर! सिर्फ आप ही पढ़ाई को इतना दिलचस्प बना सकते हैं! आपको नमन।

आखिर, साउथ इंडियन एक्सेंट होना कोई समस्या क्यों है : रश्मिका

अपने साउथ एक्सेंट और सोशल मीडिया ट्रोलिंग पर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने आखिरकार अपनी चुप्पी तोड़ी है। अभिनेत्री ने हाल ही में पति विजय देवरकोंडा के साथ कॉफी विद करण सीजन 9 के एपिसोड में शिरकत करते हुए अपनी पर्सनल लाइफ पर खुलकर बात की। शो के दौरान अभिनेत्री ने ट्रोलर्स को मुंहतोड़ जवाब दिया। अभिनेत्री को अक्सर उनके साउथ इंडियन एक्सेंट को लेकर सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जाता रहा है। शो पर रश्मिका ने बताया कि जब से उन्होंने एक्टिंग शुरू की है, तब से उन्हें किसी न किसी बात पर ट्रोल किया जा रहा है। कभी उनकी परफॉर्मेंस पर सवाल उठाए जाते हैं, तो कभी उनकी भाषा और एक्सेंट को लेकर मजाक बनाया जाता है। लेकिन उन्होंने कभी इन चीजों को अपने करियर के आड़े नहीं आने दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह सिर्फ एक इंडस्ट्री या एक भाषा तक सीमित नहीं रहना चाहती थीं, बल्कि वह हर जगह काम करना चाहती थीं और सभी भाषाएं बोलना चाहती थीं। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्होंने शुरुआत से ही अलग-अलग तरह की फिल्में करना शुरू कर दिया था, और एनिमल जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म तथा द गर्लफ्रेंड जैसी अलग जॉनर की फिल्मों में काम करने से उन्हें एक कलाकार के तौर पर बहुत संतुष्टि मिलती है। रश्मिका की हिंदी डायलॉग डिलीवरी पर अक्सर सोशल मीडिया पर सवाल उठते रहते हैं, जैसा कि उनकी पिछली फिल्मों थम्मा (2025), कॉकटेल 2 (2026), एनिमल, छावा और सिकंदर में देखने को मिला। इस पर रश्मिका ने बेबाकी से कहा कि वह समझ नहीं पातीं कि साउथ इंडियन एक्सेंट होना कोई समस्या क्यों है। उनका कहना है कि वह साउथ इंडिया से हैं, इसलिए उनका एक्सेंट स्वाभाविक रूप से वैसा ही होगा, और इस पर सवाल उठाना बिल्कुल बेतुकी बात है। इसके अलावा, अपनी फिल्मों में खुद डबिंग करने को लेकर रश्मिका ने कहा कि वह हमेशा अपने डायरेक्टर्स को ऑप्शन देती हैं। अगर डायरेक्टर को लगता है कि किसी दूसरे आर्टिस्ट की आवाज ज्यादा सूट करेगी, तो वह बुरा नहीं मानती हैं। लेकिन उनके डायरेक्टर्स ने हमेशा चाहा है कि वह खुद ही अपनी फिल्मों में डब करें। उनके लिए यह गर्व की बात है, क्योंकि सभी भाषाओं में खुद डब करना काफी मेहनत का काम है।

हर खराब सीन एआई नहीं होता : अरुण कुमार



नेशनल अवॉर्ड विजेता और एनिमेशन इंडस्ट्री में तीन दशकों का अनुभव रखने वाले सीबी अरुण कुमार ने दर्शकों की उस बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता जताई है जिसमें वे किसी भी खराब दिखने वाले विजुअल को तुरंत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का टैग दे देते हैं। ज्ञात हो कि हाल ही में रामायण और जेलर 2 जैसी बड़ी फिल्मों के टीजर और ट्रेलर आने के बाद सोशल मीडिया पर उनके वीएफएक्स और विजुअल्स को लेकर खूब ट्रोलिंग हुई है, जिस पर अरुण कुमार ने अपनी राय रखी है। सीबी अरुण कुमार ने स्पष्ट किया है कि हर खराब दिखने वाला दृश्य एआई से नहीं बनता और इस तरह का त्वरित निष्कर्ष पारंपरिक वीएफएक्स कलाकारों की मेहनत के साथ अन्याय है।

उनका कहना है कि अगर कोई विजुअल अच्छा नहीं लग रहा है, तो उस पर सीधा एआई का ठप्पा लगा देना गलत है। उन्होंने आज के दर्शकों के नजरिए में आए बदलाव का विश्लेषण करते हुए बताया कि 1980 के दशक में जब उन्होंने काम शुरू किया था, तब कंटेंट देखने के साधन बहुत सीमित थे। लोग या तो सिनेमाघरों में फिल्में देखते थे या सिर्फ एक सरकारी टीवी चैनल होता था। लेकिन इंटरनेट, डीवीडी और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के आगमन के बाद, आज हर इंसान के हाथ में कंटेंट है, और हर दर्शक खुद एक फिल्म क्रिटिक बन चुका है जो हर छोटे सीन को बारीकी से नोटिस करता है। अरुण कुमार ने फिल्म निर्माताओं को सलाह दी है कि वे दर्शकों को पर्दे के पीछे का काम दिखाएं, ताकि लोग उनकी असली मेहनत को समझ सकें और मेकर्स पर भरोसा कर सकें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दर्शकों का अविश्वास इतना बढ़ गया है कि हॉलीवुड के दिग्गज डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन को भी अपनी फिल्मों में दिखाए गए दृश्यों को वीएफएक्स से नहीं, बल्कि असल में शूट किए जाने का सबूत देना पड़ता है। आने वाले समय को लेकर सीबी अरुण कुमार ने चेतावनी दी है कि जैसे-जैसे एआई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल बढ़ेगा, यह समस्या और ज्यादा गहरी होती जाएगी। एआई इंसानों के बनाए किसी भी विजुअल को आसानी से कॉपी कर सकता है, जिससे आम दर्शकों के लिए असली वीएफएक्स और एआई से बने शॉट्स के बीच अंतर पहचानना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में फिल्म निर्माताओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वे कैसे दर्शकों को कुछ नया और एंगेजिंग कंटेंट दे पाते हैं, जिससे उनका भरोसा सिनेमा पर बना रहे।

खाने में इस्तेमाल किया जा सकता है लैवेंडर, इससे बनाएं ये 5 व्यंजन

लैवेंडर एक सुगंधित और औषधीय गुणों से भरपूर पौधा है। आमतौर पर इसका इस्तेमाल अरोमाथेरेपी और त्वचा की देखभाल के उत्पादों में किया जाता है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि लैवेंडर को खाने में भी इस्तेमाल किया जा सकता है? जी हां, लैवेंडर खाने में भी काफी उपयोग होने लगा है। इस लेख में हम आपको बताते हैं कि कैसे आप लैवेंडर को अपनी रसोई में शामिल कर सकते हैं और इससे क्या-क्या व्यंजन बना सकते हैं। लैवेंडर की चाय एक बेहतरीन पेय है, जो आपको आराम और शांति प्रदान करता है। इसे बनाने के लिए एक कप पानी में कुछ लैवेंडर के फूल डालें और उसे उबालें। जब पानी हल्का नीला हो जाए तो इसे छानकर कप में डालें और इसमें शहद मिलाकर पिएं। यह चाय तनाव कम करने में मदद करती है और नींद लाने में भी सहायक है। इसके नियमित सेवन से आपका मन शांत रहता है और आप ताजगी महसूस करते हैं। गर्मियों में ठंडी-ठंडी आइसक्रीम कौन नहीं पसंद करता? अगर आप कुछ नया आजमाना चाहते हैं तो घर पर ही लैवेंडर की आइसक्रीम बना सकते हैं। इसके लिए दूध, मलाई, चीनी और लैवेंडर का इस्तेमाल करें। इन सभी सामग्रियों को मिलाकर उबालें और ठंडा होने दें, फिर इसे जमने के लिए रख दें। जब आइसक्रीम जम जाए तो इसे परोसें और इसका आनंद लें। यह आइसक्रीम न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद है। सिरके का इस्तेमाल सलाद ड्रेसिंग और अन्य व्यंजन बनाने में किया जाता है। अगर आप सिरके में कुछ नया जोडना चाहते हैं तो लैवेंडर का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए सफेद सिरके में सूखे लैवेंडर के फूल डालकर उसे धूप में रखें, ताकि उसका स्वाद अच्छे से निकल आए। यह सिरका आपके व्यंजनों को एक अनोखा स्वाद देगा। आप इस सिरके को सलाद ड्रेसिंग में, सॉस में या फिर किसी भी तरह की ग्रेवी में इस्तेमाल कर सकते हैं। बिस्किट बनाने के लिए मैदा, मक्खन, चीनी और सूखे लैवेंडर के फूलों का इस्तेमाल करें। इन सभी सामग्रियों को मिलाकर आटा गूंथ लें और छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर ओवन में सेंक लें। ये बिस्किट चाय या कॉफी के साथ बहुत ही स्वादिष्ट लगते हैं और बच्चों से लेकर बड़ों तक, सभी को पसंद आते हैं।

लैवेंडर का शहद

शहद अपने आप में एक सेहतमंद चीज है और अगर उसमें लैवेंडर मिल जाए तो उसका फायदा कई गुना बढ़ जाता है। इसे बनाने के लिए शहद में सूखे लैवेंडर के फूल डालकर उसे कुछ दिन धूप में रखें, ताकि उसका सुगंधित प्रभाव शहद में समा जाए। इस तरह आप आसानी से अपनी रसोई में लैवेंडर को भी शामिल कर सकते हैं और इसका भरपूर लाभ भी उठा सकते हैं।

BRIFF NEWS

RML's 666-bed super speciality block gets fire safety clearance, set to boost critical care

New Delhi, Agency: The long-awaited 666-bed super speciality block at Dr Ram Manohar Lohia (RML) Hospital has secured fire safety clearance, bringing the Rs 482-crore facility a step closer to becoming operational and expanding access to specialised treatment at the Central government-run hospital.

The 11-storey block will add 666 beds to the hospital's existing capacity of 1,538, taking the total to 2,204. It will house 18 operation theatres, 99 intensive care unit (ICU) beds, 196 high dependency unit (HDU) beds and three catheterisation laboratories. The facility will strengthen treatment in oncology, oncosurgery, hepatology, gastrointestinal surgery and liver transplantation. It will also have two linear accelerators for cancer treatment and a nuclear medicine department equipped with positron emission tomography (PET) scan facilities.

The fire safety clearance removes a key hurdle to commissioning the facility, which is expected to expand the hospital's capacity to handle complex cases and provide critical care. The timeline for making the block operational, however, has not been specified. The development comes as Union health minister JP Nadda reviewed healthcare services and infrastructure development at RML Hospital on Friday, emphasising patient-centric care and wider access to advanced medical facilities.

Set to expand cabinet, Omar asks hopefuls not to 'mob or spam' him

Srinagar, Agency: J&K CM Omar Abdullah, who met lieutenant governor Manoj Sinha Saturday and announced that the much-anticipated cabinet expansion will take place next week, has urged party colleagues to stop sending him lengthy WhatsApp messages and book-length profiles seeking ministerial berths. He also advised them against knocking on his doors or that of his father and National Conference president, Dr Farooq Abdullah, to lobby for ministerial positions. After meeting Sinha, Omar told reporters he sought an appointment with him for next week so that he can make changes and expand his council of ministers.

"Now that I have told you about the reshuffle, I want to make a request to my colleagues. There is no need to knock on Farooq Abdullah's door, my door or anyone else's door," Omar said. "The decision about who will become a minister has been taken. I request my colleagues to be patient. First, it is in God's hands and then we took the decision. Whoever is destined to become a minister will become one," he said.

"I am receiving so many WhatsApp messages, with people writing lengthy resumes and sending me entire book-length profiles.

'Prioritise welfare over military directives' India raps Pak on minority rights at UN

New Delhi, Agency: India tore into Pakistan at the United Nations for exploiting the international forum to spread propaganda while failing to protect its own citizens. New Delhi reiterated that Jammu and Kashmir remains an integral and inalienable part of India and demanded that Pakistan vacate all territories under its illegal occupation.

Speaking at an interactive dialogue with the Special Rapporteur on Minority Issues at the UN General Assembly's Third Committee, India's First Secretary at the Permanent Mission to the UN, Raghoo Puri, called out Pakistan's conduct and said its representatives should focus on the welfare of their own people instead of taking directions from the military.

"Pakistan predictably misused the forum for propaganda. Jammu & Kashmir is an integral and inalienable part of India. Pakistan must vacate the territory under its illegal occupation," Puri said.

He further said Pakistani representatives would do well to look inwards and

address the concerns of their own citizens rather than act on military directives. India slams Pakistan over minority rights

Puri underlined that protecting minority rights was primarily the sovereign responsibility of individual states, guided by the principle of sovereign equality.

He said India's civilisational tradition of diversity was reflected in its constitutional safeguards for religious and linguistic minorities. He also highlighted the substantial contributions made by minorities to India's national development, including at the highest levels of government and key institutions.

The latest confrontation followed India's strong rebuke to Pakistan at the UN on October 23 over its treatment of religious minorities. New Delhi accused Islamabad of failing to protect vulnerable communities while attempting to lecture India on religious freedom, burial rights and minority protections. During an interactive dialogue with the Special Rapporteur on Freedom of Religion or Belief, India's First Secretary at the UN mission, Bhavika Mangalanandan, challenged the report's approach to religious discrimination during the Covid-19 pandemic and its advocacy concerning funeral rights for terrorists.

Mangalanandan argued that the report appeared to place disproportionate emphasis on discriminatory practices and shortcomings in countries in the Global South while overlooking similar tragedies in developed nations.

Farooq Abdullah's comments on Pakistan and Kashmir draw flak

Srinagar, Agency: National Conference (NC) president Farooq Abdullah on Saturday declared that Pakistan had "saved" Kashmiris by keeping the issue alive at international forums, while being careful to say that "otherwise their (Pakistan's) intentions are not good". His statement drew flak from BJP, which slammed it as "seditious and anti-national".

"If you do not remain (committed to NC), you will be erased. Even our identity will disappear. Nothing will be left. They are silent today because there is noise in the world and our neighbour is constantly behind it. Everywhere they say 'the decision regarding Kashmir has not been made'. That is what is saving us…," Farooq told a meeting of NC

workers in Baramulla. The words "they" and "their" were seen as an allusion to the Centre.

Farooq's son, J&K chief minister Omar Abdullah, had not reacted to his father's remarks till late Saturday. Farooq urged NC workers and legislators to remain loyal to the party, whether in power or not, as he touched on a range of issues in his speech. "Hold on to the truth. Speaking the truth is not easy, but unless you remain truthful and stand up for what is right, your future will never be secure," the veteran said.

Citing the 1947 tribal invasion, Farooq condemned the "atrocities" inflicted on Kashmiris by the raiders from Pakistan". He paid tributes to Maqbool Sherwani, an NC worker who died staving off the intruders, saying his "sacrifice helped stop the raiders in Baramulla and save Kashmir". Farooq also mentioned the Chittisinghpura massacre in which 36 Sikhs were killed in south Kashmir on March 20, 2000, during then US President Bill Clinton's visit to India. He said a subsequent judicial inquiry had found that five men accused of carrying out the killings were not the perpetrators but shopkeepers "who had been picked up by police and killed".

CBI files FIR against IL&FS Energy, top execs in Rs 212cr Canara Bank loan fraud case

New Delhi, Agency: CBI has registered an FIR against a Mumbaibased firm and its top executives for allegedly cheating Canara Bank of Rs 212 crore, officials said on Saturday. Searches were conducted in Delhi, Mumbai and Noida, and incriminating documents seized.

CBI has named M/s IL&FS Energy Development Company Ltd, its MD and directors - Sunil Wadhwa, Anoop Seth, Hari Sankaran, Ramesh Chandra Bawa and Arun Kumar Saha - and unknown public servants and private individuals as accused. The case was registered on

Oct 21 following a complaint by Canara Bank's circle office in Bandra.

According to CBI, the accused allegedly entered into a conspiracy to secure a term loan of Rs 100 crore from erstwhile Syndicate Bank, now merged with Canara Bank, at its Large Corporate Branch in Mumbai, along with a foreign currency loan of $50 million from its London branch.

Suspicious pigeon with coded ring, Pak currency causes a flutter in Jammu

Jammu, Agency: A suspicious pigeon carrying a coded ring, a chit written in Urdu and Pakistani currency was caught by locals along the border in Jammu's Samba district on Saturday, officials said.

An official pointed out that such episodes are not uncommon in border areas of J&K and Punjab, where pigeons have been used for smuggling or for sending messages across the frontier.

On Saturday, the pigeon was found near a temple in Samba's border area of Mawa around 6.40am and was immediately captured by locals after they spotted a ring tied to its leg. "A ring bearing Code No 03341214150 was found attached to its leg, besides the note and currency," the official



said. A police team arrived soon and seized the pigeon with the items. "The pigeon has been taken for examination. Security agencies are verifying the contents of the note and the origin of the bird," the official said.

Suspicious creatures and items flying in are not a rarity in Jammu's border zones. On Friday, a balloon bearing the marking of Pakistan International Airlines (PIA) was found near a border post in Ghou Manhasan.

ED moves Supreme Court against HC order to quash case against portal, founder

New Delhi, Agency: Enforcement Directorate has moved Supreme Court against the Delhi high court's order quashing the money-laundering case against digital news platform NewsClick and its founder-editor Prabir Purkayastha, alleging that the HC committed a grave error by quashing the 2020 ECIR without examining the allegations against them.

The directorate, which filed an appeal almost five months after the HC pronounced the order on May 29, also took the ground that the HC passed the order five months and 26 days

after the judgement was reserved and it was in violation of SC's guidelines that the verdict should be delivered within three months. "That, from a reading of the judgment it appears that due to the lapse of such period in pronouncing the judgment, several critical contentions raised by the prosecution were overlooked or left unaddressed by the high court," the agency said.

Giving details of the financial transaction of the news portal, it said the company was incorporated upon conversion from M/s PP Newsclick Studio LLP on Jan 11, 2018 and within three months, a loss-making company with hardly any assets received FDI worth Rs 9.6 crore by selling its shares for a premium at Rs 11,510/- per share.

"PPK's balance sheet for the FY 2018-19 reveals that it had assets worth only Rs 57 lakhs (approx.) and the company had suffered huge losses varying from Rs 37.8 lakh in FY 2017-18 to Rs.6.61 crore in FY 2018-19.

No reason for any genuine investor to pay Rs. 11,510/- per share for a share whose face value was only Rs 10 at the time of allotment only 3 months back," the appeal said.

PMLA case not examined': ED moves Supreme Court against HC order quashing proceedings against NewsClick

New Delhi, Agency: The Enforcement Directorate (ED) has moved the Supreme Court challenging the Delhi high court's order quashing a money laundering case against news portal NewsClick and its editor-in-chief, Prabir Purkayastha, over alleged violations of foreign direct investment (FDI) rules.

The ED argued that the high court quashed its Enforcement Case Information Report (ECIR) without examining the merits of the case under the Prevention of Money Laundering Act (PMLA). It also flagged a five-month delay in the pronouncement of the judgment. The matter is yet to be listed for hearing.

In a judgment dated May 29, Justice Neena Bansal Krishna of the Delhi high court described the continuation of an FIR registered by the Delhi Police's Economic Offences Wing (EOW) as "nothing but a gross abuse

of the process of law". The judge held that quashing the FIR for the predicate offence also warranted the closure of the ED's ECIR.

The court ruled that the investment was an "economic decision that did not spell out any criminal offence". Citing the Union ministry of information and broadcasting's reply to NewsClick, Justice Krishna noted there was no cap or restriction on FDI in digital media at the time.

The single-judge bench ruled that the investment followed acceptable practices and that the allegations, even if accepted, did not establish cheating or criminal breach of trust. The alleged victim in the cheating case should have been M/s Worldwide Media Holdings LLC, but the company had filed no complaint. Instead, the complaint came from "merely an informant".

Justice Krishna also rejected the fund-siphoning allegation, noting that a digital media company would naturally incur expenses on salaries, consultation fees and rent.

It further dismissed the ED's attempt to sustain the money laundering case on the basis of criminal conspiracy under the IPC, holding that the agency must establish the "illegal objective" or "means" allegedly adopted by NewsClick and others.

"Pertinently, extensive investigations were carried out by the ED for about a year and a half, and the petitioners as well as their employees have been summoned and examined many a times, but nothing incriminating till date has been found or placed on record," the order said. "Aside from bald assertions of a criminal conspiracy, there is not a whisper of any incriminating allegation, which would even remotely suggest the commission of the offence punishable under Section 4 of the PMLA," it added. It further stated that the request for a copy of the ECIR had become "infructuous" after the report was quashed.

'We urge Indian businesses to continue and expand trade with Tehran': Envoyl

New Delhi, Agency: With US sanctions squeezing Indian firms trading in Iranian petroleum and petrochemicals, Tehran has a message for Indian businesses: "Both sides are determined to strengthen economic relations and to find practical ways to ensure the continuation of bilateral trade."

Iran's ambassador to India, Mohammad Fathali, told Media that sanctions and payment disruptions had dented trade and "the prices of some goods in Iran have increased for common people," but ruled out "essential shortages," including Indian basmati rice, a major Indian export to Iran, saying Tehran had prepared for disruptions and had multiple import channels. "We do not expect these challenges to lead to shortages of essential goods, including Indian basmati rice," Fathalisaid, adding that price rises reflected wider economic pressures rather than supply shortages.

Amid US sanctions on Indian firms over Iranian petroleum trade,Iran's ambassador to India urged Indian businesses to continue and expand trade with

Tehran, acknowledging that sanctions and payment disruptions had reduced bilateral trade "to some extent".

Iran's ambassador also pitched the country's energy market to Indian firms, saying Tehran was ready to engage companies interested in the sector. "Any company that wishes to operate and trade in Iran's energy market can benefit from the opportunities available in this market," Fathali said. Citing room to expand cooperation in energy, agriculture and essential goods, he said: "We welcome all Indian companies to expand their trade cooperation with Iran." Iran is among the biggest buyers of Indian basmati as well as tea outside India, but he said there is no need to fear "essential shortages", as Iran had prepared for disruptions and supplies still move through regular channels.